@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 147 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

प्रदर्शन न कर पाने वाले कर्मचारियों को कुत्तों की तरह चलाया

कोच्चि, 7 अप्रैल। केरल में एक विपणन (मार्केटिंग) कंपनी पर आरोप लगा है कि उसने अपने कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया। आरोप है कि कंपनी ने कर्मचारियों को कुत्तों की तरह घुटनों पर चलने के लिए मजबूर किया गया और फर्श से सिक्के चाटने के लिए कहा गया। इस घटना के वीडियो फुटेज जैसे ही स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित हुए तो राज्य श्रम विभाग ने कार्यस्थल पर इस कथित अमानवीय उत्पीड़न की जांच का आदेश दिया। पुलिस और श्रम विभाग ने भी इन फुटेज की हकीकत का पता लगाने के लिए जांच शुरू की है। हालांकि, बाद में वीडियो फुटेज में दिख रहे एक व्यक्ति ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कंपनी में कोई उत्पीड़न नहीं हुआ था, जो वीडियो में दिखाया गया है, वह सही नहीं है। उस व्यक्ति ने कहा, मैं अब भी कंपनी में काम कर रहा हूं। ये वीडियो कुछ महीने पहले एक व्यक्ति ने जबरदस्ती बनाए थे, जो उस समय कंपनी का प्रबंधन था। उसे बाद में प्रबंधन से निकाल दिया गया था और अब वह इन वीडियो का उपयोग कंपनी के मालिक की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहा है। उसने यह बयान पुलिस और श्रम विभाग को भी दिया। उसके बयान के बाद श्रम मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने घटना की जांच का आदेश दिया और जिला श्रम अधिकारी को तत्काल रिपोर्ट पेश करने को कहा। वीडियो में एक व्यक्ति को पट्टे से बंधा हुआ दिखाया गया, जो घुटनों के बल फर्श पर रेंग रहा था, जैसे वह कुत्ता हो। बाद में कुछ लोगों (जिन्हें कंपनी का कर्मचारी बताया गया) ने एक टीवी चैनल से कहा कि जो कर्मचारी अपने लक्ष्य हासिल करने में असफल रहते थे, उन्हें प्रबंधन ऐसी सजा देता था। पुलिस के मुताबिक, यह घटना कलूर में निजी विपणन कंपनी से जुड़ी है। पुलिस ने बताया कि उन्हें अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है और कंपनी के मालिक ने आरोपों को खारिज किया है।

मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया: मल्लिकार्जुन खरगे

सिम्मी कौर बब्बर

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल करने का आरोप लगाया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक 2 मिनट 8 सेकेंड का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ये जानना जरूरी है कि आखिर किस तरह मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया है। इस वीडियो की शुरूआत में लिखा गया है, दवाई, इलाज पर महंगाई की भाजपाई गोली। इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खरगे दावा किया है कि महंगे इलाज और कम सरकारी खर्च के आंकड़े सरकार के काम की गवाही दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया गया है कि, 5 साल से देश की चिकित्सा मुद्रास्फीति 14त्न रही, जिससे इलाज कराने का खर्च अधिक बढ़ गया। इस अप्रैल से 900 जरूरी दवाइयों के दमा बढ़े हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाले देते हुए यह भी कहा गया है कि हर साल 10 करोड़ भारतीय महंगे इलाज की वजह से गरीबी की कगार पर पहुंच जाते हैं। इसके साथ ये भी कहा गया है कि, आम लोगों को स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर 18त्न जीएसटी देना पड़ता है। उन्होंने चिकित्सा में उपयोग होने वाली

आवश्यक वस्तुओं पर लगे जीएसटी की ओर इशारा किया, जिसमें मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन, सर्जिकल आइटम, पट्टियां, व्हीलचेयर और सैनिटरी नैपकिन पर 12 से 18त्न जीएसटी लगाया जाता है। एक साल में ही अस्पताल में होने वाले खर्च में 11.35त्न की बढ़त हुई है, जिनमें एंजियोप्लास्टी का खर्च दोगुना और किडनी ट्रांस्प्लांट का खर्च तीन गुना हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत स्वास्थ्य के लिए जीडीपी का 2.5त्न खर्च होना था, लेकिन मोदी सरकार ने केवल 1.84त्न ही खर्च किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय का बजट पिछले पांच वर्षों में 42त्न कम हो गया है। उन्होंने खाली पदों की ओर इशारा करते हुए बताया कि भारत के 757 जिलों के 5,491 ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 80त्न पद खाली पड़े हैं, जबकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 55त्न पद खाली हैं। खरगे ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) पर दो वर्षों की 65त्न राशि खर्च नहीं हुई है। साथ ही आयुष्मान योजना में घपलों का कैग ने पर्दाफाश किया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने दावा किया है कि 80त्न सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं नहीं है। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वस्थ रहने के महत्व को समझाते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य समृद्ध समाज की नींव होती है।

वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज को केरल हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश की है। अब सरकार की मंजूरी का इंतजार है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में कॉलेजियम की बीते महीने दो बैठकें हुईं और तीसरी बैठक बीती 3 अप्रैल को हुई। इन बैठकों में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जज सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी को केरल उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश में दीवानी मामले को आपराधिक मामले में बदलने की आलोचना की। मामला नागरिक विवाद से जुड़ा है, जिसे उत्तर प्रदेश पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत दर्ज किया, जो आपराधिक मामला बन गया। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताई और उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी और जांच अधिकारी से हलफनामा दायर करने को कहा है, जिसमें उन्हें बताना है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने की सहमति जताई है।

वक्फ की संपत्तियों पर गैर-मुस्लिमों का भी अधिकार: आरिफ मोहम्मद खान

कौमी संवाददाता

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संसद में पारित वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए कहा कि गैर-मुस्लिमों का भी वक्फ की संपत्तियों में बराबर का हक है। उन्होंने शनिवार को पटना में कहा कि वक्फ की संपत्तियां अल्लाह की मानी जाती हैं। इसका इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। अपने दावे को लेकर उन्होंने कुरान का हवाला देते हुए कहा कि इसमें दो तरह के जरूरतमंदों फकीर (मुस्लिम) और मिस्कीन (गैर-मुस्लिम) का जिक्र है। इसका अर्थ है कि वक्फ से लाभान्वित होने का अधिकार हर जरूरतमंद को है। उन्होंने पटना में वक्फ की तमाम संपत्तियों के बावजूद उस पर कोई अस्पताल या अनाथालय न होने को लेकर भी सवाल उठाया। बिल को लेकर जारी विरोध पर उन्होंने यह भी कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। हर किसी को अपनी बात रखने

का अधिकार है। उधर, लखनऊ में ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने वक्फ बिल का समर्थन करते हुए कहा कि पिछली सरकारों और धार्मिक नेताओं को वह कदम उठाना चाहिए था जो अब सरकार ने उठाया है। उन्होंने सरकार से वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने और महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसी बीच, उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा है कि संशोधन विधेयक का विरोध करने वाले गरीब मुसलमान नहीं, बल्कि राजनीतिक मुसलमान हैं।

ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश किया: राहुल

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। शेयर बाजार में जारी उथल-पुथल और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति इन दिनों लगातार चर्चा में है। इसी बीच लोकसभा में विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को टैरिफ नीति को लेकर डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश कर दिया है और अब हमें सच्चाई का सामना करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ नीति का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप ने भ्रम का पर्दाफाश कर दिया है। अब वास्तविकता का सामना करना होगा। पीएम मोदी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने आर्थिक भविष्य के लिए केवल एक लचीली और उत्पादन-आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का ही विकल्प है, जो सभी भारतीयों के लिए लाभकारी हो। राहुल गांधी ने पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों के कारण शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है।

एलपीजी गैस सिलेंडर महंगी हुई

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, एलपीजी के प्रति सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की वृद्धि होगी। 500 से यह 550 (पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए) हो जाएगी और अन्य के लिए यह 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगी। यह एक ऐसा कदम है जिसकी हम आगे समीक्षा करेंगे। हम हर 2-3 सप्ताह में इसकी समीक्षा करते हैं। इसलिए, आपने जो उत्पाद शुल्क में वृद्धि देखी है, उसका बोझ पेट्रोल और डीजल पर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा। उस उत्पाद शुल्क वृद्धि का उद्देश्य तेल विपणन कंपनियों को 43,000 करोड़ रुपये की भरपाई करना है। जो उन्हें गैस के कारण नुकसान के रूप में हुआ है... पुरी ने कहा, आपने वित्त मंत्रालय की एक अधिसूचना देखी होगी जिसमें कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये की बढ़ोतरी की जा रही है।

भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल पारित नहीं होता, धारा 370 नहीं हटती सीएम सरमा

सौरभ शर्मा

गुवाहाटी, 7 अप्रैल। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर पार्टी की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को कमजोर करने का मतलब भारत के वैश्विक नेता का पद हासिल करने की राह में बाधा खड़ी करना है। भाजपा पार्टी तब तक देश की सेवा करेगी जब तक सूरज और चांद रहेगा। अगर भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल जैसा ऐतिहासिक कानून पारित नहीं होता। अगर भाजपा नहीं होती तो धारा 370 समाप्त नहीं होती या अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से न्याय नहीं मिलता। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सीएम सरमा ने कहा कि भाजपा को कमजोर करने का मतलब किसी व्यक्ति को कमजोर करना नहीं है। इसका मतलब राष्ट्रीय गौरव को कमजोर करना है। भाजपा को कमजोर करने का मतलब भारत को विश्व मंच पर ले जाने की राह में बाधा खड़ी करना है। सरमा ने पार्टी के हर कार्यकर्ता को भारत को वैश्विक नेता बनाने के लिए काम करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रगति और मजबूती की ओर बढ़ रही पार्टी को कई वर्ग कमजोर और बदनाम करने की कोशिश करेंगे। सोशल मीडिया का इस्तेमाल भाजपा को बदनाम और कमजोर करने के लिए किया जा सकता है। इसलिए हमें सोशल मीडिया पर भी मजबूत होना चाहिए ताकि हम लोगों

तक सकारात्मक चीजें पहुंचा सकें। सरमा ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण न केवल एक साधारण मंदिर निर्माण प्रक्रिया है, बल्कि 500 साल की गुलामी से खुद को मुक्त करने का एक उदाहरण है। सीएम ने कहा कि व्यक्तिगत आकांक्षाओं से पहले राष्ट्र आता है और राष्ट्र के हित से पहले कुछ भी नहीं आता है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती तो वक्फ बिल जैसा ऐतिहासिक कानून पारित नहीं होता। अगर भाजपा नहीं होती तो धारा 370 समाप्त नहीं होती या अल्पसंख्यक महिलाओं को तीन तलाक से न्याय नहीं मिलता। भाजपा के बिना पूर्वोत्तर में विकास नहीं हो सकता। भाजपा असम में जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक छाप छोड़ने में सक्षम रही है। इसलिए भाजपा हर स्वायत्त परिषद, नगर परिषद और पंचायत निकायों में सत्ता में है। सीएम सरमा ने कहा कि भाजपा समुदाय के गौरव को ऊपर उठाकर असमिया समाज को मजबूत करने का काम कर रही है। इससे पहले सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने असम भाजपा प्रमुख दिलीप सैकिया के साथ वरिष्ठ नेताओं और आम सदस्यों की मौजूदगी में राज्य मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। सरमा ने कहा कि मैं उन कार्यकर्ताओं को अपनी श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रवाद के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारत के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने और भारत के गौरव को फिर से स्थापित करने का माध्यम बन गई है।

राज्यपाल बोस ने 17 विवि के कुलपतियों के लिए ममता की पसंद पर जताई आपत्ति

तेजिन्दर कौर बब्बर

नई दिल्ली, 7 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर राज्य के 17 सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सिफारिश पर आपत्ति जताई है। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यपाल, जो सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं, ने कुलपति पद के लिए उम्मीदवारों की सूची पर अपना विरोध शीर्ष अदालत को बताया, जिसमें उनकी पृष्ठभूमि की गहन समीक्षा की गई है। राज्य सरकार ने 36 विश्वविद्यालयों में उप-कुलपति नियुक्ति के लिए नाम भेजे थे। इनमें से 19 नामों को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है, लेकिन बाकी 17 नामों पर उन्होंने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इन नामों की पृष्ठभूमि, योग्यता और अन्य जानकारियों की गहराई से जांच की और कुछ विश्वसनीय स्रोतों से भी जानकारी मंगाई। जांच के बाद, राज्यपाल ने पाया कि कुछ उम्मीदवार उपयुक्त नहीं हैं, इसलिए उन्होंने कोर्ट में आपत्ति दर्ज की। 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी, जिसका केस नंबर था, विशेष अनुमति याचिका (सी) संख्या 17403/2023; पश्चिम बंगाल राज्य बनाम डॉ. सनत कुमार घोष एवं अन्य।

इस दौरान कोर्ट को यह जानकारी नहीं दी गई थी कि राज्यपाल ने 17 नामों पर आपत्ति जताई है और इसकी रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में तैयार कर ली गई है। क्योंकि यह मामला अचानक सूची में शामिल हुआ, इसलिए भारत के अटॉर्नी जनरल कोर्ट में मौजूद नहीं थे। अगर वे होते तो राज्यपाल की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जा सकती थी। राज्यपाल के वकील ने कोर्ट को बताया कि 36 में से 19 नाम पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं, और बाकी नामों पर विचार चल रहा है। कोर्ट ने यह नहीं कहा कि राज्यपाल को कोई अल्टीमेटम दिया जा रहा है या उनके अधिकार छीने जा रहे हैं। बल्कि, कोर्ट ने पूरी छूट दी है कि राज्यपाल अपनी समझ और विवेक से निर्णय लें। हालांकि, कोर्ट ने यह जरूर कहा है कि अगर दो हफ्तों में इन 17 नामों पर कोई निर्णय नहीं लिया गया, तो अगली सुनवाई में कोर्ट इस मुद्दे पर कोई ठोस फैसला ले सकता है। राजभवन ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, राज्यपाल ने पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जांच का पालन किया है। उन्होंने उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि और योग्यता की समीक्षा के बाद ही आपत्ति जताई। कोर्ट की कार्यवाही से यह बात साफ है कि राज्यपाल को कोई दोषी नहीं ठहराया गया है और उनके पास पूरी स्वतंत्रता है कि वे किसे मंजूरी दें और किसे नहीं।

सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार सीएम योगी होंगे: अखिलेश यादव

लखनऊ, 7 अप्रैल। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन के साथ अगर कोई बुरी घटना होती है तो इसके जिम्मेदार खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे क्योंकि वो ही ऐसे संगठनों के साथ खड़े हैं जो सपा सांसद को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी योजनाओं की नाकामियां छिपाने के लिए सांप्रदायिक रास्ता अपना रही है। देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है इन समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिकता को फैलाया जा रहा है। बता दें कि रामजी लाल सुमन ने बयान दिया था कि बाबर को हिंदुस्तान आने के लिए राणा सांगा ने निमंत्रित किया था तबसे वह कई संगठनों के निशाने पर हैं। उन्होंने कहा कि हिटलर के समय जर्मनी में एक फौज बनाई गई थी जो कि लोगों को धमकाने का काम करती थी। इसी तरह भाजपा ने भी एक फौज बनाई है जो कि समय-समय पर लोगों को अपमान करते हैं। सोमवार को बसपा नेता दद्दू प्रसाद और सलाउद्दीन सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा में शामिल हो गए।

तेजस्वी यादव को भ्रमित क्यों कर रही कांग्रेस?

नरेश मल्होत्रा

पटना, 7 अप्रैल। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ेगा- महागठबंधन के तमाम दिग्गज बीच-बीच में इस बात को उठाकर भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ जनता दल यूनाईटेड को भ्रमित करते हैं। लेकिन, दूसरी तरफ भी आग उसी तरह की है। भ्रम की आग। बिहार विधानसभा चुनाव में अभी लगभग सात महीने बाकी हैं, लेकिन कांग्रेस की सक्रियता देखकर राष्ट्रीय जनता दल के अंदर कहीं-न-कहीं उधेड़बुन की स्थिति जरूर है। जिस तरह से अचानक कन्हैया कुमार बिहार कांग्रेस में सक्रिय हुए हैं, उससे अंदरखाने गजब की हलचल है। खासकर राजद में। सवाल उठ रहा कि आखिर तेजस्वी यादव को भ्रमित क्यों कर रही है कांग्रेस? लोकसभा चुनाव के पहले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने दिल्ली जाकर अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कराते हुए इसकी सदस्यता ली थी। दिल्ली जाने से पहले पप्पू यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से मिलने आए थे। इस मुलाकात के अगले दिन पप्पू यादव ने अपनी पार्टी- जाप का कांग्रेस में विलय करा दिया। दिल्ली से लौटते समय पप्पू यादव पूरी तरह निश्चिंत थे कि उन्हें पूर्णिया लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए मिल जाएगा। लेकिन, जानकार बताते हैं कि यादवों के बीच तेजस्वी यादव के समकक्ष कोई खड़ा न हो, इसलिए लालू यादव ने कांग्रेस को किनारे करते हुए पूर्णिया सीट पर बीमा भारती को राजद का चुनाव चिह्न सौंप दिया। सामने बात यही रही कि बीमा को आश्वासन पहले से दिया गया था, लेकिन अंदर की बात कांग्रेस की पूरी रणनीति को ध्वस्त करने की थी। पप्पू यादव को किनारे किए जाने के मामले में बाहर-बाहर तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह खलनायक बने, लेकिन खेल कहीं और से हो चुका था। नतीजा यह रहा कि पप्पू यादव को कांग्रेस ने अपना सदस्य तक मानने से इनकार कर दिया। निर्दलीय लड़े, जीते, कांग्रेस के प्रति ही आस्था जताई; लेकिन सबकुछ वह एकतरफा ही करते रहे। दूसरी तरफ से प्रेम का इजहार नहीं हुआ। राहुल गांधी ने सोमवार को पहले बेगूसराय में कन्हैया कुमार के साथ पदयात्रा की और फिर पटना में गरीब-गुरबों, दलित-पिछड़ों की बात की, यह तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव के लिए आया संकेत

ही है। कन्हैया कुमार बिहार की बेगूसराय सीट पर 2019 में गिरिराज सिंह से करारी हार के बाद दिल्ली की राजनीति करने लौट गए थे। इस बार कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने भले अपने हटाए गए प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के भूमिहार चेहरे की भरपाई के लिए दिखावट के रूप में लाया है, लेकिन अंदर की बात यही है कि वह इस जाति के होकर भी वाम चेहरा हैं। मतलब, गरीब-गुरबों के बीच का चेहरा। राहुल गांधी ने लालू प्रसाद के वोटरों को लक्ष्य कर भी एक तरह से संदेश दिया है कि कांग्रेस किसी को आगे कर सकती है। वह चेहरा कौन होगा, यह राहुल गांधी अभी पत्ता नहीं खोल रहे। चेहरे के रूप में कन्हैया कुमार की बिहार वापसी को देखें तो यह तेजस्वी यादव के लिए सहज नहीं है। जब कन्हैया 2019 के चुनाव में वामपंथी प्रत्याशी थे, तो राजद ने बेगूसराय में अपना भी प्रत्याशी उतार दिया था। दोनों मिलाकर भी भाजपाई गिरिराज सिंह से भले दूर रहे हों, लेकिन यह संदेश साफ था कि राजद कन्हैया कुमार को बिहार में बढ़ते नहीं देखना चाहता है। ऐसे में एक बार फिर कन्हैया ने जब बिहार में वापसी की है तो राजद के अंदर भ्रम की स्थिति है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी यादव को सीएम का चेहरा तो बता रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी के मुंह से निकली योजना और कन्हैया कुमार की सक्रियता से राजद का भ्रमित होना स्वाभाविक भी है।

कृषि मंत्री कोकाटे ने विवादास्पद टिप्पणी के लिए किसानों से मांगी माफी

नासिक, 7 अप्रैल। महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए रविवार को किसानों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह अनजाने में हुआ। अगर किसान मेरी टिप्पणी से अपमानित महसूस कर रहे हैं और उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं

उनसे माफी मांगता हूं। कृषि मंत्री कोकाटे ने हाल ही में किसानों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया था कि किसान कृषि योजनाओं से मिले धन इच्छित उद्देश्यों के लिए खर्च नहीं करते हैं। इसके बजाय, वह इस धन का उपयोग सगाई समारोहों और शादियों में करते हैं। रामनवमी के अवसर पर रविवार को कृषि मंत्री कोकाटे नासिक के बहुचर्चित कालाराम मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पहले दर्शन किए और बाद में किसानों से माफी मांगी। कोकाटे ने कहा, यह अनजाने में हुआ। अगर किसानों को अपमानित महसूस हुआ और उनकी भावनाएं आहत हुईं, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) मंत्री कोकाटे नासिक में सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। कोकाटे ने कहा कि पिछले आठ दिनों में महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश हुए है, जिससे किसान प्रभावित हुए हैं। सरकार ने अधिकारियों को फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए तत्काल मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, सरकार निश्चित रूप से किसानों को मुआवजा देगी। मैंने किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान राम से प्रार्थना की है।

गाजा में नहीं थम रहे इजराइली हमले, ट्रंप-नेतन्याहू के बीच मुलाकात से पहलो एक टेंट-घर पर बड़ा हमला, 5 बच्चों समेत 15 की मौत

इजराइल . इजराइल की ओर से गाजा पट्टी हमलों का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा है. युद्ध को लेकर बातचीत के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका रवाना होने के बीच अलग-अलग जगहों पर हुए ताजा हमले में 32 लोगों की मौत हो गई जिसमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं शामिल हैं.

स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से आज रविवार को जानकारी दी गई कि गाजा पट्टी पर इजरायल के नए हमलों में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे शामिल हैं.

युद्धविराम खत्म कर इजराइल फिर कर रहा हमला

लंबे समय से इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध को खत्म कराने को लेकर बातचीत लगातार चल रही थी, लेकिन इजरायल ने हवाई हमला करते हुए पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम को खत्म कर दिया था, साथ ही उसकी ओर से हवाई और जमीनी हमले फिर से शुरू कर दिए गए.

सऊदी अरब ने भारत समेत 14 देशों के मुसलमानों पर क्यों लगाई पाबंदी, क्या उमरा करने भी नहीं जा पाएंगे?

नेशनल डेस्क. सऊदी अरब सरकार ने नए यात्रा प्रतिबंध लागू किए हैं. जिसमें भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत 14 देशों के ऊपर ये प्रतिबंध लगाए गए हैं. विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह प्रतिबंध 13 अप्रैल से मध्य जून तक लागू रहेगा, यानी हज यात्रा पूरी होने तक ये प्रतिबंध जारी रहेंगे.सऊदी में हज यात्रा के दौरान दुनिया भर से आने वाले लोगों की संख्या काफी बढ़ जाती है और वो लोग भी मक्का मदीना पहुंच जाते हैं, जिनके पास हज वीजा नहीं है. जिसकी वजह हज मंत्रालय के इंतजाम में रुकावट पैदा हो जाती है. पिछले साल ऐसे ही हज में संख्या बढ़ने और अधिक गर्मी की वजह से एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी.

कौन से वीजा होंगे सस्पेंड?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नए दिशा-निर्देशों के तहत उमरा वीजा, बिजनेस विजिट वीजा और फैमिली विजिट वीजा को निलंबित कर दिया गया है. सऊदी अरब के वीजा प्रतिबंध से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के उन लोगों को निराशा हुई है, जो इन वीजा की मदद से हज के समय मक्का और मदीना जाना चाहते थे.

सऊदी क्राउन प्रिंस के निर्देश के बाद उठाया कदम

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अधिकारियों को सख्त वीज़ा विनियमन सुनिश्चित करने का आदेश दिया हैं.

बांग्लादेश में असली खिलाड़ी तो शेख हसीना के लोग निकले, कहानी सुन सिर पकड़ लेंगे यूनुस

बांग्लादेश. बांग्लादेश में जल्द ही आम चुनाव होने जा रहे हैं और देश की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारी में लगी हुई हैं. ऐसा पिछले 15 सालों बाद होगा, जब शेख हसीना के बिना बांग्लादेश में चुनाव होंगे. पिछले साल दिसंबर में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना की सरकार गिर गई थी और अभी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार देश का कार्यभार संभाल रही है.

हसीना के तख्तापलट के बाद उनके पार्टी अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ हिंसा की कई खबरें सामने आई थी और नई सरकार में उनकी पार्टी पर प्रतिबंध मांग भी रखी गई थी. इस बार अवामी लीग चुनाव से दूर नजर आ रही है, निकले हसीना के लोग होने वाले बांग्लादेश के चुनाव में बड़ी ही चालाकी से हिस्सा लेने की कोशिश कर रहे हैं.

दूसरे राजनीतिक दलों में घुस रहे हसीना के लोग

हसीना के लोग अब अवामी लीग की जगह दूसरी पार्टियों की सदस्यता लेने की फिराक में ताकि इस चुनाव में वह अपनी जगह बना सके. जब ये बात हसीना विरोधियों को पता चली तो बवाल हो गया. आंदोलनकारी छात्रों द्वारा बनाई गई नेशनल सिटिज़न्स पार्टी (एनसीपी) के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन ने कहा कि वे बांग्लादेश में अवामी लीग के पुनर्वास को स्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि उसने नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध किए हैं.

उन्होंने यह बात शुक्रवार रात रंगपुर चैंबर बिल्डिंग में NCP आयोजकों के साथ बैठक के बाद एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कही है. अख्तर ने यह भी कहा कि अगर अवामी लीग का कोई भी व्यक्ति घुसपैठ की कोशिश करेगा तो उसे कानून के हवाले कर दिया जाएगा.

छात्रों की पार्टी में हसीना के लोगों की जगह नहीं

अख्तर हुसैन ने कहा, अगर अवामी लीग का कोई भी व्यक्ति नेशनल सिटिज़न्स पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने की हिम्मत करता है, तो हम उसका विरोध करेंगे. हम घुसपैठियों को कानून के हवाले कर देंगे.

उन्होंने आगे कहा, हमारा मानना ??है कि जिन लोगों ने बांग्लादेश में फासीवाद थोपा है, उन्हें किसी भी तरह से बांग्लादेश में राजनीति करने का नैतिक अधिकार नहीं है.

ट्रंप की टैरिफ नीति के खिलाफ America में छिड़ा विरोध, लगे ट्रंप-मस्क गो बैक के नारे

इंटरनेशनल डेस्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बाद से ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है और अब यह विरोध अमेरिका के भीतर भी तेज हो गया है।

ट्रंप के द्वारा अन्य देशों पर टैरिफ लगाने के बाद से न सिर्फ विदेशी नागरिक बल्कि अब अमेरिकी नागरिक और नेता भी इसके खिलाफ आवाज उठाने लगे हैं। अमेरिका के 50 राज्यों में ट्रंप की टैरिफ नीति के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं जिसमें लोग ट्रंप-मस्क गो बैक के नारे लगा रहे हैं।

क्या है विरोध की वजह?

ट्रंप के खिलाफ यह विरोध उनकी टैरिफ नीति के कारण हो रहे छटनी, आर्थिक मंदी और मानवाधिकार उल्लंघन जैसे मुद्दों पर हो रहा है।

पहले जहां ट्रंप के दूसरे बार राष्ट्रपति बनने पर अमेरिकी जनता ने जश्न मनाया था वहीं अब सिविल राइट्स ग्रुप्स, श्रमिक संघ, एलजीबीटीक्यू समुदाय और महिला अधिकार संगठन ट्रंप की नीतियों का विरोध करने सड़कों पर उतरे हैं।

1200 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन

शनिवार, 6 अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ 1200 से अधिक स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। 5 अप्रैल को हैंड्स ऑफ प्रोटेस्ट शुरू हुआ था जो ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ था।

प्रदर्शनकारियों ने खासकर छंटनी और सामूहिक डिपोर्टेशन की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। वाशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल से लेकर मैनहैटन और बॉस्टन तक प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए और कुलीनतंत्र से लड़ो (Fight The Oligarchy) जैसे नारे लगाए।

रविवार को 1400 से अधिक रैलियां

रविवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा और 1400 से अधिक रैलियां आयोजित की गईं। इस दिन की रैली का नाम हैंड्स-ऑन रखा गया। रैली में 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हैंड्स-ऑन का मतलब था हमारे अधिकारों से दूर रहो।

अमेरिका में खसरे से एक और बच्चे की मौत, एक लापरवाही पड़ रही भारी

इंटरनेशनल डेस्क। अमेरिका के टेक्सास में खसरे की चपेट में आकर एक और बच्चे की मौत हो गई है। यह बच्चा भी खसरे से बचाव का टीका नहीं लगवाया हुआ था। अमेरिका इस समय पिछले लगभग तीन दशकों में खसरे के सबसे बड़े प्रकोप से जूझ रहा है। यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (यूएमसी) हेल्थ सिस्टम, ल्यूबॉक ने जानकारी दी कि खसरे के कारण उनके अस्पताल में भर्ती एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। बच्चे को पहले से कोई अन्य बीमारी नहीं थी।

इससे पहले, फरवरी में टेक्सास में एक अन्य बच्चे और मार्च की शुरुआत में न्यू मैक्सिको में एक वयस्क की खसरे से मौत हो चुकी है। सीडीसी (रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र) के अनुसार, इस वर्ष अब तक अमेरिका के 21 राज्यों में खसरे के 607 मामले सामने आ चुके हैं। यह संख्या 2023 में पूरे साल के मामलों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। टेक्सास में अब तक 481 मामले दर्ज किए गए हैं, जो राज्य में पिछले कुछ दशकों में सबसे ज्यादा हैं।डॉ. पीटर होटेज, जो बायलर कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रमुख टीकाकरण विशेषज्ञ हैं, ने यदि मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो हम 2019 के प्रकोप को भी पीछे छोड़ देंगे।

यह पिछले 30 वर्षों में सबसे खराब स्थिति बन सकती है। दुखद बात यह है कि इन मौतों को पूरी तरह से रोका जा सकता था।

उन्होंने चेतावनी दी कि,यदि टीकाकरण के खिलाफ गलत जानकारियों को फैलने दिया गया और टीकाकरण को लेकर हिचकिचाहट को दूर नहीं किया गया, तो अमीर देश भी इस तरह की बीमारियों से सुरक्षित नहीं रह पाएंगे।

इजराइल ने गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से पर किया कब्जा, फिलीस्तीनियों के लिए लौटना असंभव

इंटरनेशनल डेस्क. हमास के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में है। इजराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना द्वारा नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फिलीस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है। हाल के सप्ताह में इस सैन्य 'बफर जोन का आकार दोगुना हो गया है।

इजराइल का कहना है कि उसकी यह कार्रवाई अस्थायी रूप से जरूरी है ताकि सात अक्टूबर 2023 को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए शेष लोगों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बनाया जा सके। हमास द्वारा सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था। बहरहाल, मानवाधिकार समूहों और गाजा संबंधी मामलों के विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल के कब्जे वाली भूमि में क्षेत्र के उत्तर को दक्षिण से

विभाजित करने वाला गलियारा भी शामिल है और इसका इस्तेमाल दीर्घकालिक नियंत्रण के लिए किया जा सकता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह कहा था कि हमास की हार के बाद भी इजराइल गाजा में सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखेगा और फलस्तीनियों को वहां से जाने के लिए मजबूर करेगा।

इजराइल के पांच सैनिकों ने बताया कि इजराइली सीमा के निकट ध्वस्तीकरण और 'बफर जोन का व्यवस्थित विस्तार 18 महीने पहले युद्ध शुरू होने के बाद से जारी है। टैंक दस्ते के साथ तैनात एक सैनिक ने कहा, ''उन्होंने (इजराइली बलों ने) वह सब कुछ नष्ट कर दिया जो वे कर सकते थे... (फलस्तीनियों के पास) वापस आने के लिए कुछ नहीं होगा, वे वापस नहीं आएंगे, कभी नहीं।

हताहत हुए सैनिकों के बारे में पूछे जाने पर इजराइली सेना ने कहा कि सेना अपने देश की रक्षा के लिए और विशेष रूप से सात अक्टूबर के उस हमले के कारण तबाह हुए दक्षिणी समुदायों में सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 बंधक बनाए गए थे।

सेना ने कहा कि वह गाजा में आम नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहती और वह अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करती है।

बड़ा झटका: इस देश मे भारत-पाकिस्तान समेत 14 देशों का वीजा किया बैन, जानें वजह?

नेशनल डेस्क. सऊदी अरब ने सुरक्षा कारणों और हज यात्रा के संचालन को बेहतर बनाने के लिए 14 देशों के नागरिकों के लिए वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। इस फैसले में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इराक, नाइजीरिया, जॉर्डन, अल्जीरिया, सूडान, इथियोपिया, ट्यूनीशिया, यमन और एक अन्य देश शामिल हैं। यह कदम सऊदी अरब द्वारा हज यात्रा के दौरान सुरक्षा को सुनिश्चित करने और अवैध प्रवास को रोकने के लिए उठाया गया है।सऊदी अधिकारियों का कहना है कि कई विदेशी नागरिक हज, उमराह या व्यापारिक यात्रा के बहाने देश में प्रवेश करते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य अवैध रूप से अधिक समय तक सऊदी अरब में रहना होता है। इस स्थिति से निपटने के लिए सऊदी अरब ने वीजा प्रतिबंध और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को अनिवार्य कर दिया है।

इसके अलावा, सऊदी अरब ने 13 अप्रैल तक हज वीजा आवेदन स्वीकार करने का ऐलान किया है। इसके बाद, हज यात्रा समाप्त होने तक कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य हज के दौरान होने वाली भीड़-भाड़ और

सुरक्षा संबंधी समस्याओं को रोकना है।

इसके साथ ही, सऊदी अधिकारियों ने हज यात्रा के लिए एक डिजिटल गाइड भी लॉन्च किया है, जो 16 भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि पर्यटकों को यात्रा के दौरान मदद मिल सके। यह कदम 2024 में हज यात्रा के दौरान हुई 1000 से ज्यादा मौतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि इस बार सुरक्षा और सुविधाएं बेहतर हो सकें।सऊदी अरब ने चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता है और अवैध रूप से देश में प्रवेश करता है, तो उसे 5 साल के लिए सऊदी अरब में प्रवेश से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

कनाडा ने अमेरिका को दिखाई सख्ती! विदेश मंत्री मेलानी जोली का बड़ा ऐलान

इंटरनेशनल डेस्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ को लेकर कनाडा ने सख्ती दिखाई है ।कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने आज अमेरिका के नए टैरिफ और डोनाल्ड ट्रंप के ग्लोबल ट्रेड रीसेट अभियान पर तीखा बयान दिया है। मेलानी जोली ने कहा कि हम अमेरिका द्वारा उठाए गए कदमों का गंभीरता से मूल्यांकन कर रहे हैं। साथ ही, हमें अच्छी तरह से एहसास हो गया है कि अमेरिका के साथ हमारा रिश्ता अब कभी वैसा नहीं रहेगा जैसा पहले था।

उन्होंने आगे कहा कि हम अमेरिका के सबसे बड़े ग्राहक हैं। जब कोई अपने सबसे बड़े ग्राहक के साथ गलत व्यवहार करता है, तो इसका मतलब होता है कि वह अपनी पूरी व्यापारिक रणनीति बदलना चाहता है। अब कनाडा भी अपनी नीति में बुनियादी बदलाव करेगा।

गौरतलब है कि हाल ही में

अमेरिका ने कनाडा समेत कई देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर नए टैरिफ (आयात शुल्क) लगाए हैं। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल ट्रेड रीसेट अभियान की घोषणा की है, जिसका मकसद है अमेरिकी उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाना और व्यापार व्यवस्था को अमेरिका-केंद्रित बनाना। कनाडा लंबे समय से अमेरिका का सबसे भरोसेमंद और बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है। हर दिन करोड़ों डॉलर का सामान दोनों देशों के बीच इधर-उधर होता है। मेलानी जोली के कड़े शब्द यह संकेत देते हैं कि कनाडा अब अमेरिका पर अपनी निर्भरता घटाकर अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की दिशा में काम करेगा। कनाडा और अमेरिका के रिश्तों में बढ़ती दूरी का असर सिर्फ इन दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेगा।

विशेषज्ञों के मुताबिक भारत जैसे देशों के लिए यह एक बड़ा मौका बन सकता है। कनाडा अगर अमेरिका से हटकर नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश करता है, तो भारत के साथ व्यापारिक समझौते को तेज़ी मिल सकती है। भारतीय आईटी, कृषि और टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए कनाडा में नई संभावनाएं खुल सकती हैं। वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है क्योंकि अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने से कई देशों के निर्यात प्रभावित होंगे। चीन भी इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है, जिससे वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धा और ज्यादा तेज होगी।

आसमान से सड़क पर आ गिरा विमान, चलती गाड़ियों के बीच की इमरजेंसी लैंडिंग

नेशनल डेस्क. ब्राजील में रविवार को एक बड़ा हादसा देखने को मिला है. यहां एक प्लेन का सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग करने का दिल दहलाने वाला वीडियो भी सामने आया है. हममें से ज़्यादातर लोगों के लिए, यह सोचना किसी बुरे सपने से कम नहीं है कि एक प्लेन को उसी सड़क पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़े, जिस पर कई कारें तेज़ी से जा रही हों.हालांकि, एक पायलट और कुछ तेज़-तर्रार ड्राइवर इस स्थिति का सामना करने पर हादसे से बचने में सफल रहे. **CNN** ब्राज़ील द्वारा साझा की गई एक्स क्लिप में शुक्रवार (5 अप्रैल) बिजली की कई लाइनों से बचते हुए एक हल्के विमान को सड़क पर अनिश्चित रूप से मंडराते हुए देखा गया है.

इंजन में खराबी की वजह से हुई घटना

कुछ सेकंड बाद, विमान दो ट्रकों के बीच में टरमैक पर उतरता है और व्यस्त सड़क के किनारे आकर रुक जाता है. दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना के पास हुई यह घटना विमान के इंजन में खराबी के कारण हुई थी, जिसके कारण पायलट को ट्रैफिक में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी.

हादसे में कोई हताहत नहीं

राहत की बात यह है कि इस भयावह घटना में शामिल सभी लोग सुरक्षित हैं, पुलिस ने पुष्टि की है कि विमान के पायलट माटेउस रेनान कैलाडो (29) और यात्री, व्यवसायी वाल्डेमिरो जोस मिनेला (71) को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. अधिकारी विमान को सड़क से हटाने में सफल रहे, जिसके बाद उस दिन शाम करीब 5 बजे यात्रियों के लिए सड़क को फिर से खोल दिया गया.

कुछ ही दिनों में छिड़ने वाली है मिलिट्री वार, बाबा वेंगा की चौंकाने वाली भविष्यवाणी

इंटरनेशनल डेस्क। बुल्गेरिया की प्रसिद्ध भविष्यवक्ता बाबा वेंगा, जिनकी भविष्यवाणियों को लेकर दुनिया भर में चर्चा होती रही है, ने 2025 को लेकर एक और चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है। उनकी भविष्यवाणी के अनुसार, आने वाले समय में एक बड़े सैन्य युद्ध की शुरुआत हो सकती है, और यह युद्ध एक ऐसे देश में छिड़ेगा, जिस पर किसी की भी नजर नहीं थी। उनका कहना है कि इस युद्ध का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और यह वैश्विक संकट का रूप ले सकता है।बाबा वेंगा के अनुसार, यह युद्ध इस साल के भीतर ही शुरू हो सकता है, और यह सिर्फ एक सैन्य संघर्ष नहीं होगा, बल्कि इसके साथ एक विशाल राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल भी होगा। इस सैन्य युद्ध में उस

देश की स्थिति और भूमिका अहम होगी, जिस पर बाबा वेंगा ने अपने पूर्वानुमान में संकेत दिए हैं। हालांकि उन्होंने इस देश का नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिया है, लेकिन उनके अनुयायी और विशेषज्ञ इस भविष्यवाणी को लेकर कयास लगा रहे हैं कि यह किस देश से जुड़ी हो सकती है।

2025 महामारी और सैन्य संघर्ष की चेतावनी बाबा वेंगा ने 2025 को लेकर जो भविष्यवाणी की है, वह गंभीर वैश्विक संकटों की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक महामारी उत्पन्न होगी, जो पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। इस महामारी के प्रभाव से इंग्लैंड इतना प्रभावित होगा कि उसे सैन्य कार्रवाई की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने ब्रिटिश रॉयल फैमिली में भी आंतरिक संघर्ष की संभावना जताई, जिससे देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

बाबा वेंगा की भविष्यवाणी में ब्रिटिश शाही परिवार के भीतर एक आंतरिक युद्ध का भी जिक्र है, जिसे सिर्फ पारिवारिक विवादों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित करेगा। पिछले कुछ वर्षों में प्रिंस हैरी और मेघन मार्कल की गतिविधियां और बकिंघम पैलेस के अंदरूनी मुद्दे इस भविष्यवाणी को आधुनिक संदर्भ में जोड़ने के संकेत देते हैं।

अमेरिकी टैरिफ पर भड़का चीन, बोला- खतरे में वैश्विक सप्लाई चेन

इंटरनेशनल डेस्क। चीन ने सोमवार को अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह शुल्क (टैरिफ) लगाकर मनमानी कर रहा है और आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। चीन के विदेश मामलों के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों को ताक पर रखकर अमेरिका एकपक्षवाद , संरक्षणवाद और आर्थिक धौंस का प्रदर्शन कर रहा है।

क्या है मामला ?

पिछले हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन समेत कई देशों से आने वाले उत्पादों पर व्यापक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके जवाब में चीन और अन्य देशों ने भी तुरंत जवाबी कार्रवाई की। चीन का

कहना है कि अमेरिका के इस कदम से वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान हुआ है। दुनिया की आर्थिक सेहत पर गंभीर असर पड़ा है। लिन जियान ने चेतावनी दी कि अमेरिका का यह व्यवहार अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियमों और पारदर्शिता के सिद्धांतों का उल्लंघन है, जिससे वैश्विक व्यापार माहौल और निवेश स्थिरता दोनों को खतरा हो सकता है।

बता दें कि अमेरिका लंबे समय से चीन पर अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाता रहा है। ट्रंप प्रशासन ने कई चीनी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिनका उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों और कंपनियों की रक्षा करना था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। इस विवाद ने अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की आशंका को और गहरा कर दिया है, जिसका असर न केवल दोनों देशों पर बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।

ईरान में बड़ी बगावत, तनाव के बीच 60 हजार लड़ाकों का अमेरिका के सामने सरेंडर

इंटरनेशनल डेस्क। परमाणु डील को लेकर एक तरफ जहां ईरान पर अमेरिका नकेल कस रहा है. वहीं अब ईरान के भीतर ही बगावत हो गई है. ईरान समर्थित कम से कम 6 प्रॉक्सी संगठन ने अमेरिका के सामने सरेंडर करने की बात कही है. ईरान एक दर्जन से ज्यादा मिलिशिया ग्रुप को दाना-पानी देता है. इन ग्रुप के पास करीब 6 लाख लड़ाके हैं, जो इराक और मिडिल ईस्ट के देशों में फैले हुए हैं. मिलिशिया ग्रुप का संचालन ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेई के बेटे मोब्तजा खामनेई करते हैं.

भारत-पुर्तगाल रिश्तों की नई शुरुआत, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया ऐतिहासिक दौरा

इंटरनेशनल डेस्क। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया की चार दिवसीय राजकीय यात्रा के पहले चरण के लिए रविवार को लिस्बन पहुंचीं। करीब तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा है। पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत रॉय कुंडल और भारत में पुर्तगाल के राजदूत जोआओ रिबेरो डी अल्मेडिया ने फिगो मादुरो के सैन्य हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। उनकी यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक बदलाव के समय में हो रही है जब अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों ने अंतरराष्ट्रीय कारोबार को नया आकार दिया है और भारत के यूरोप के साथ संबंध बढ़ रहे हैं। फरवरी में, यूरोपीय आयोग की मुखिया उर्सुला वॉन डेर लिएन और यूरोपीय संघ (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स ने भारत का दौरा किया था। भारत ने इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की उम्मीद जताई है।मुर्मू की पुर्तगाल की दो दिवसीय ''महत्वपूर्ण यात्रा, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। राष्ट्रपति की पुर्तगाल की यात्रा 27 वर्ष बाद हो रही है। सोमवार को राष्ट्रपति मुर्मू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा और वह पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी

सूसा, प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो और एसेंबली स्पीकर डॉ. जोस पेड्रो एगुइर-ब्रैंको सहित शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें होंगी। बाद में, लिस्बन के मेयर कार्लोस मैनुअल फेलिक्स मोएदास राष्ट्रपति मुर्मू के लिए एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। वह राष्ट्रपति सूसा द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने राष्ट्रपति की यात्रा के बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा, ''भारत और पुर्तगाल के बीच व्यापार 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का है और पिछले पांच वर्षों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगातार बढ़ रहा है।उन्होंने कहा, ''हम अक्षय ऊर्जा, आईटी, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, पर्यटन और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग में विस्तार देख रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पुर्तगाल ने हमेशा भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को गहरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा की संभावना के बारे में पूछे जाने पर लाल ने कहा था, ''हां, आपसी हितों के क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। लाल ने कहा था, ''2000 में, पुर्तगाल के राष्ट्रपति द्वारा पहला भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था।

साथ ही 2021 में, भारत और यूरोपीय संघ के नेताओं का पहला शिखर सम्मेलन हुआ, जिसमें यूरोपीय संघ के सभी भागीदार देशों के नेताओं ने भाग लिया।

इसलिए भारत-पुर्तगाल संबंध में भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी का एक बहुत मजबूत तत्व है। पुर्तगाल की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू विभिन्न पुर्तगाली संस्थानों में कार्यरत शोधकर्ताओं सहित भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

पति से झगड़े के बाद महिला ने की खुदकुशी

एजेंसी

नई दिल्ली। कल्याणपुरी इलाके में एक महिला ने पति से झगड़े के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान 35 वर्षीय अनुराधा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में भेज दिया है। पुलिस को फिलहाल मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मृतका के परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक अनुराधा परिवार के साथ ईस्ट विनोद नगर इलाके में रहती थी। परिवार में पति गौरव के अलावा अन्य सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को अनुराधा और गौरव के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद शाम के वक्त अनुराधा ने कमरे में पंखे के सहरे चुन्नी से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता चलते ही परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चुन्नी काटकर शव नीचे उतारा गया। क्राइम टीम को घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करने के लिए बुलाया गया। अभी तक की जांच में पता चला है कि महिला ने पति से झगड़े के बाद यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है।

चोरी के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के कपासहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में जांच के बाद तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान प्रमोद कुमार, गौरव और करण रावल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सात मार्च को कृपाल शर्मा ने आई फोन सहित कुल 93 मोबाइल की चोरी की शिकायत दी। इंस्पेक्टर विक्रम दहिया ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने चोरी किए गए मोबाइल के दस्तावेज बरामद किए और चोरी हुए मोबाइल फोन के सभी आईएमईआई नंबरों को आगे ट्रैकिंग के लिए निगरानी में रखा गया। 93 मोबाइल फोन में से तीन मोबाइल फोन फरीदाबाद में चालू पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने प्रमोद कुमार, गौरव और करण को दबोचा।

रुपयों के विवाद में सब्जी वाले की पीट पीटकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के कालिंदी कुंज इलाके में रुपयों के विवाद में एक शख्स ने सब्जी वाले को पीट पीटकर अधमरा कर दिया। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद गैर इरादतन हत्याका मामला दर्ज किया। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार ने बताया मृतक की पहचान मुन्ना महतो के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ मकान नंबर ए2/1133, जलेबी चौक, जेजे कॉलोनी रहता था। मुन्ना घर के पास ही सब्जी की दुकान लगाता था। डीसीपी ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 9.13 बजे दुकान पर एक शख्स सब्जी खरीदने के लिए आया था। सब्जी खरीदने के दौरान उसका पैसों को लेकर मुन्ना से झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान आरोपित ने मुन्ना की पिटाई कर दी। जिससे वह बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

पीएम-जनमन के तहत त्रिपुरा और ओडिशा के लिए प्रमुख बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने की घोषणा

नई दिल्ली । केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाग अभियान (पीएम-जनमन) के संपर्क घटक के तहत त्रिपुरा और ओडिशा के लिए कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत त्रिपुरा को 76.47 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 84.352 किलोमीटर लम्बी 25 सड़कें तथा ओडिशा को 69.65 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 63.271 किलोमीटर लम्बी 26 सड़कें तथा 2 पुल स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि ग्रामीण संपर्क को मजबूत करने और आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

अब नमो भारत ऐप के जर्नी प्लानर फीचर से एंड टू एंड ट्रिप प्लानिंग, सिंगल विंडो पेमेंट की सुविधा

जर्नी प्लानर फीचर एकीकृत एवं सुविधाजनक यात्रा की ओर एक सशक्त कदम

एजेंसी

गाजियाबाद। नमो भारत यात्रियों की यात्रा को और सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने नमो भारत ऐप में एक आकर्षक फीचर, जर्नी प्लानर की शुरुआत की है। इस फीचर के साथ यात्री एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके नमो भारत और मेट्रो नेटवर्क में अपनी पूरी यात्रा की योजना बना सकते हैं, सबसे आसान एवं सुविधाजनक यात्रा मार्ग के विकल्प चुन सकते हैं और एक ही जगह सहज भुगतान के साथ बुकिंग पूरी कर सकते हैं। यह यात्रियों के लिए एकीकृत एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस फ़ीचर के साथ, यात्री नमो भारत एप पर ही अपनी एंड टू एंड यात्रा की योजना बना सकते हैं। यह फीचर एक स्टेशन से दूसरे के बीच के यात्रा के

नई दिल्ली। अमेरिका के प्रमुख देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा से दुनियाभर के शेयर बाजारों में दहशत का माहौल है। अमेरिका के इस कदम का असर सिर्फ बाजार पर ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी महसूस किया जा रहा है। जिन सेक्टरों की अमेरिका पर निर्भरता ज्यादा है, उन पर टैरिफ की ज्यादा मार पड़ी है। इनमें वाहन, टेक्सटाइल, आईटी और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के शेयर पहले से ही दबाव में हैं, जो अगले कुछ हफ्तों तक बरकरार रह सकता है। ट्रंप प्रशासन की अगली नजर फार्मा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर है। इससे बाजार में निवेशकों के बीच चिंता का माहौल और भी गहरा हुआ है।

अगली बैठक तक बना रहेगा दबाव

भारतीय बाजार पर दबाव तब तक बना रहेगा, जब तक भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर अगली बैठक नहीं होती, जो इसी महीने के अंत में संभावित है।

ट्रंप की टैरिफ ने मचाया हाहाकार, मैकबुक से 50 ज्यादा महंगा हो जाएगा iPhone!

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ प्लान ने सबको चौंका दिया है, जिसका असर पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है. अमेरिका ने भारत, चीन सहित एशिया के देशों पर बंपर टैरिफ लगा दी है. भारत पर अमेरिका ने 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, तो वहीं, चीन पर 34 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगा दिया, जिसका असर आईफोन की कीमतों पर देखने को मिल सकता है. एक्सपर्ट के मुताबिक, इस टैरिफ की वजह से iPhone मैकबुक से भी ज्यादा महंगे हो सकते हैं. क्योंकि आईफोन का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन चाइना में ही होता है.

द इकोनॉमिक टाइम्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से बताया है कि इन टैरिफ की वजह से अगला iPhone मैकबुक से 50त्न तक महंगा हो सकता है. यानी जो फोन अभी महंगा लगता है, वो और भी पहुंच से बाहर हो जाएगा. ट्रंप ने 2 अप्रैल, 2024 को चीन से आने वाली चीजों पर 34त्न तक एक्स्ट्रा टैरिफ डाल दिया है, जिससे आईफोन के दाम महंगे हो सकते हैं.

बढ़ेंगे आईफोन के दाम

रिपोर्ट के मुताबिक, Apple ने मार्च के आखिर में भारत और चीन से पांच प्लेन भरकर iPhone और दूसरी चीजें अमेरिका भेजी थीं. इससे अभी कीमतें नहीं बढ़ी हैं. लेकिन आने वाले दिनों में इसके दाम बढ़ सकते हैं. एक्सपर्ट का कहना है कि आगे चलकर ये महंगाई ग्राहकों की जेब से ही निकलेगी. ट्रंप के टैरिफ फैसले का ज्यादा असर एपल पर पड़ेगा. क्योंकि एपल की मुश्किल ये है कि उसके ज्यादातर iPhone चीन में बनते हैं. कंपनी ने भारत और वियतनाम में भी प्रोडक्शन शुरू किया है, लेकिन अभी चीन का दबदबा है. ट्रंप के 54त्न तक के टोटल टैरिफ से प्रोडक्शन महंगा हो जाएगा. रिपोर्ट के मुताबिक, Apple को टैरिफ में छूट नहीं मिली तो उसके मुनाफे पर 9त्न तक असर पड़ सकता है.



बिक्री में आएगी कमी

भारत जैसे देशों से निर्यात बढ़ सकता है, लेकिन कीमतें बढ़ने से iPhone की बिक्री पर चोट पड़ सकती है. ट्रंप कहते हैं कि ये टैरिफ अमेरिका को फायदा पहुंचाएंगे, लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि इससे चीजें महंगी होंगी और आम आदमी पर बोझ पड़ेगा. अब देखने वाली बात यह होगी कि एपल आईफोन की कीमतों को कैसे कंट्रोल करती है.

वित्त वर्ष 2024-25 में वाहनों की खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि: फाडा

नई दिल्ली. देश में वित्त वर्ष 2024-25 में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,61,43,943 इकाई हो गई। यात्री वाहन व दोपहिया वाहन खंड में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों व ट्रैक्टर के पंजीकरण में वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में गिरावट आई। फाडा के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में 39,60,602 इकाइयों की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 41,53,432 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में 1,75,27,115 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण

आठ प्रतिशत बढ़कर 1,88,77,812 इकाई हो गया।

फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 ने वास्तव में दिखाया कि भारत का मोटर वाहन खुदरा क्षेत्र कितना लचीला हो सकता है... इस वर्ष मुख्य आकर्षण ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में ग्रामीण बाजारों में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शहरी क्षेत्रों की वृद्धि से काफी अधिक है। यात्री वाहन क्षेत्र में ग्रामीण बिक्री वृद्धि आठ प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में यह तीन प्रतिशत रही।

वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 12,20,981 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में तिपहिया वाहनों की ग्रामीण बिक्री में नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि शहरों में बिक्री में कोई वृद्धि नहीं हुई। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री मामूली घटकर 10,08,623 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 10,10,324 इकाई थी।

वहीं ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 8,92,410 इकाई रह गई जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 8,83,095 इकाई रही थी। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में मोटर वाहनों की कुल बिक्री सालाना आधार पर मामूली गिरावट के साथ 21,26,988 इकाई रही। हालांकि मार्च में यात्री वाहनों का पंजीकरण वार्षिक आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 3,50,603 इकाई हो गया।

पेट्रोल-डीजल होंगे सस्ते! 1 फीसदी तक घट सकतीं हैं ब्याज दरें, RBI का बड़ा ऐलान

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल डेस्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आयात शुल्क (टैरिफ) में भारी बढ़ोतरी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर दिखाई देने लगा है। इस नीति का असर भारत समेत दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट के रूप में देखा गया है। चीन जैसे देशों ने ट्रम्प की कार्रवाई का जवाब देते हुए अमेरिकी उत्पादों पर भारी शुल्क लगा दिया है। इससे यह चिंता जताई जा रही है कि अमेरिका और चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ सकती है जिसका असर दुनिया की आर्थिक रफ्तार पर भी पड़ेगा जिसमें भारत भी शामिल है।

भारत में मंदी का खतरा और सस्ती बचत की संभावना

गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अमेरिका में टैरिफ बढ़ने से भारत की आर्थिक रफ्तार भी सुस्त हो सकती है। हालांकि इस स्थिति के एक सकारात्मक पहलू की भी संभावना है। टैरिफ युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी का खतरा बढ़ सकता है और इससे बचने के लिए भारत को अपनी घरेलू मांग को बढ़ाने के उपाय करने होंगे। ऐसे में रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरों में कटौती करना एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने हाल ही में अपनी बैठक शुरू की है जिसमें 9 अप्रैल को फैसले की घोषणा हो सकती है। उम्मीद जताई जा रही है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट में 0.25 की कटौती कर सकता है हालांकि यह उम्मीद अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 27 टैरिफ लागू होने के बाद बढ़कर 0.50 तक पहुंच सकती है। अगर यह कटौती होती है तो इसका फायदा आम नागरिकों को सस्ती ईएमआई और लोन के रूप में मिलेगा।

Bank of Japan को सता रहा डर, टैरिफ की मार से कंपनियों के मुनाफे पर मंडराया संकट

बिजनेस डेस्क. बैंक ऑफ जापान ने सोमवार को कहा है कि अमेरिकी टैरिफ के चलते कई कंपनियों को उत्पादन और मुनाफे पर असर का डर सता रहा है। BoJ ने कहा कि अब तक जापानी अर्थव्यवस्था मध्यम गति से सुधार की राह पर थी लेकिन नई टैरिफ नीति इस रिकवरी को पटरी से उतार सकती है।

BoJ की एक हालिया समीक्षा बैठक में नौ प्रमुख सेक्टरों की स्थिति का आकलन किया गया, जिसमें अधिकतर क्षेत्रों में या तो सुधार देखा गया या स्थिरता बनी रही। हालांकि, नई रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है और कुछ कंपनियों ने संभावित नुकसान को लेकर चिंता जताई है।

BoJ के एक अधिकारी ने बताया कि यह रिपोर्ट अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा घोषित रेसिप्रोकल टैरिफ के असर को पूरी तरह शामिल नहीं करती, क्योंकि सर्वे उस घोषणा से पहले किया गया था।

अब तक की स्थिति

विदेशी पर्यटकों की खरीदारी

और लक्जरी सामानों की मांग के चलते घरेलू खपत को सहारा मिल रहा है।कंपनियां कैपिटल एक्सपेंडिचर (Cape&) बढ़ाने के लिए अभी भी इच्छुक हैं।

कई सेक्टरों में वेतन वृद्धि हो रही है, हालांकि छोटे व्यवसायों में यह रफ्तार धीमी है।कंपनियां बढ़ती इंपोर्ट लागत का बोझ ग्राहकों पर डाल रही हैं, कुछ ने कीमतें बढ़ाने की भी योजना बनाई है।

आने वाला खतरा

ट्रंप ने जापानी ऑटोमोबाइल पर 25त्न आयात टैक्स और अन्य जापानी सामानों पर 24त्न रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे जापान की आर्थिक वृद्धि दर में 0.8त्न तक की गिरावट आ सकती है। जापान जो बड़े पैमाने पर निर्यात पर निर्भर है, के लिए यह झटका गंभीर हो सकता है।

शेयर बाजार में हाहाकार, सोना औंधे मुंह गिरा, जानें अभी और कितना गिरेगा Gold?

नेशनल डेस्क. जैसे ही शेयर बाजार में 7 अप्रैल को 3,000 अंकों से अधिक की गिरावट आई, वैसे ही सोने और चांदी के दाम भी तेज़ी से नीचे गिर गए। जहां एक ओर निवेशक गिरते बाजार में मुनाफा काटने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सोने और चांदी की कीमतों में इस गिरावट ने सर्राफा बाजार को भी प्रभावित किया है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम ?2,613 घटकर ?88,401 पर आ गया, जबकि चांदी?4,535 घटकर ?88,375 प्रति किलो बिक रही है। ऐसे में निवेशकों के मन में एक सवाल है कि यह गिरावट सिर्फ अस्थायी है, या सोने की कीमतें और भी गिरने वाली हैं? तो आईए जानते है डिटेल...

इससे पहले जानकारी के लए बता दें किसोने और चांदी की कीमतों ने मार्च और अप्रैल में नए रिकॉर्ड बनाए थे। 28 मार्च को चांदी ?1,00,934 प्रति किलो और 3 अप्रैल को सोने ने ?91,205 का उच्चतम स्तर छुआ था।

निवेशकों के लिए सोने में प्रॉफिट बुकिंग

एक्सपर्ट के अनुसार, इस साल अब तक सोने ने करीब 19त्न का रिटर्न दिया है, जिससे निवेशक शेयर बाजार में हो रही गिरावट को कवर करने के लिए सोने में प्रॉफिट बुक कर रहे हैं।

इसके कारण सोने में बिकवाली का दबाव बढ़ा है, और इस ट्रेंड के चलते सोने की कीमतों में और गिरावट हो सकती है। हालांकि, जियो-पॉलिटिकल टेंशन और गोल्ड श्रृंखला में बढ़ता निवेश सोने को समर्थन प्रदान कर रहा है, और अनुमान है कि सोना इस साल ?94,000 प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

क्या Swiggy से हो गई बड़ी गड़बड़ी? मिला 7.5 करोड़ का टैक्स नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली। फूड डिलीवरी से लेकर क्विक कॉमर्स के काम में लगी स्टार्टअप कंपनी स्विगी को अब टैक्स नोटिस मिला है. पुणे के प्रोफेशन टैक्स ऑफिसर ने स्विगी को एक नोटिस भेजकर 7.59 करोड़ रुपये के टैक्स की डिमांड की है. ये नोटिस स्विगी से एक निश्चित समयावधि में अपने कर्मचारियों की सैलरी से काटे गए प्रोफेशन टैक्स के विश्लेषण का एक असेसमेंट ऑर्डर है.

दरअसल महाराष्ट्र के स्थानीय कानून 'महाराष्ट्र स्टेट टैक्स ऑन प्रोफेशन, ट्रेड्स, कॉलिंग्स एंड एम्प्लॉयमेंट एक्ट-1975' के तहत स्विगी ने अपने कर्मचारियों की सैलरी से टैक्स काटा था. इसमें नियमों का उल्लंघन करने के चलते प्रोफेशसन टैक्स ऑफिसर ने स्विगी को टैक्स डिमांड नोटिस भेजा है. ये नोटिस अप्रैल 2021 से मार्च 2022 की अवधि के असेसमेंट के लिए भेजा गया है.

स्विगी की सफाई

इस टैक्स डिमांड नोटिस पर स्विगी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि उसके ऊपर 'महाराष्ट्र स्टेट टैक्स ऑन प्रोफेशन, ट्रेड्स, कॉलिंग्स एंड एम्प्लॉयमेंट एक्ट-1975' के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगा है. कंपनी का कहना है कि उसके पास इस आदेश के

खिलाफ लड़ने के लिए पर्याप्त सबूत हैं. वह इस मामले से निपटने के लिए सभी कानूनी कदम उठा रही है.

स्विगी ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेक्टर में काम करती है. उसके यहां काम करने वाले ज्यादातर कर्मचारी पार्टनर बेसिस पर काम करते हैं, इसलिए वह प्रोफेशनल्स के दायरे में आते हैं. कंपनी इंस्टामार्ट नाम से क्विक कॉमर्स और स्नैक नाम से इंस्टेंट फूड डिलीवरी सेगमेंट में भी काम करती है. कंपनी का कहना है कि इस टैक्स डिमांड ऑर्डर से उसके कारोबार कोई असर नहीं पड़ेगा.

स्विगी का कारोबार

स्विगी एक स्टार्टअप कंपनी थी, जिसे पिछले साल ही शेयर बाजार में लिस्ट कराया गया है. कंपनी के आईपीओ से पहले ही कई बड़े सेलिब्रिटी जैसे कि माधुरी दीक्षित, सचिन तेंदुलकर इत्यादि ने कंपनी की हिस्सेदारी खरीदी थी.

स्विगी का मुख्य फोकस इस समय क्विक कॉमर्स बिजनेस पर है ताकि वह ब्लिंकइट और जेप्टो से इस सेगमेंट में कॉम्पीटीशन कर सके.

अब तैयार घरों से महंगे हो गए हैं अंडर कंस्ट्रक्शन मकान, जानिए क्यों

एजेंसी

नयी दिल्ली। हर किसी का सपना होता है कि हमारे पास अपना खुद का घर हो, लेकिन क्या आप जानते हैं अब तैयार घर से ज्यादा महंगे हो गए हैं अंडर कंस्ट्रक्शन मकान. चलिए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं.

भारत के रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म मैजिकब्रिक्स के नए आंकड़ों के अनुसार, भारत के रियल एस्टेट मार्केट में एक नया रुझान देखने को मिल रहा है, जहां प्रमुख शहरों में निर्माणाधीन (यूसी) मकानों की कीमतें अब रेडी-टू-मूव (आरटीएम) संपत्तियों की कीमतों से आगे निकल रही हैं.

अपार्टमेंट की औसत कीमत

दिल्ली में, तैयार-से-तैयार अपार्टमेंट की औसत कीमत 18,698 रुपए प्रति वर्ग फुट है, जबकि निर्माणाधीन घरों की कीमत बढ़कर 25,921 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गई है. गुरुग्राम में भी यही स्थिति है, जहां यूसी घरों की औसत कीमत 17,185 रुपए प्रति वर्ग फुट तक पहुंच गई है, जो आरटीएम संपत्तियों की 14,617 रुपए प्रति वर्ग फुट की कीमत से काफी अधिक है.

सबसे महंगे रियल एस्टेट मार्केट मुंबई

यहां तक कि भारत के सबसे महंगे रियल एस्टेट मार्केट मुंबई ने भी यही किया है. निर्माणाधीन प्रॉपर्टी की कीमतें 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 33.4त्न बढ़कर 32,371 रुपए प्रति वर्ग फीट हो गई, जबकि आरटीएम घरों की कीमतें 28,935 रुपए प्रति वर्ग फीट थीं.

गिरते बाजार में इन म्यूचुअल फंडों ने किया कमाल, 3 साल में निवेशकों को किया मालामाल

एजेंसी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले कई महीनों से बिकवाली देखने को मिल रही है. हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए जाने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ की वजह से भी मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है. लेकिन क्या आपको पता है कि बिकवाली और दलाल स्ट्रीट में उठा-पटक के बीच कुछ म्यूचुअल फंडों ने कमाल किया है. पिछले 3 साल में उन्होंने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है. आइए उन म्यूचुअल फंडों के बारे में डिटेल से बताते हैं.

शेयर मार्केट में पैसा लगाने से रिटर्न तो बढ़िया मिलता है, लेकिन उसमें रिस्क भी उतना ही ज्यादा होता है. वहीं, म्यूचुअल फंड में निवेश

करना मार्केट की तुलना में कम रिस्की माना जाता है. मार्केट की उठा-पटक का असर म्यूचुअल फंड पर कम पड़ता है. आइए हम आपको कुछ ऐसे म्यूचुअल फंडों के बारे में बताते हैं, जिन्होंने निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिया है.

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

3 साल की भीतर शानदार रिटर्न देने वाले म्यूचुअल फंडों की लिस्ट में पहला नाम निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड है. इस म्यूचुअल फंड ने निवेशकों को पिछले तीन साल में 17.03 फीसदी का वार्षिक रिटर्न दिया है. वहीं,आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड ने निवेशकों को 15.30 फीसदी का रिटर्न दिया है. बड़ौदा बीएनपी परिबास लार्ज कैप फंड ने भी निवेशकों को मालामाल किया इस फंड ने इंवेस्टर्स को 3 सालों में 13.47 फीसदी का वार्षिक रिटर्न दिया है. ये डाटा 1 अप्रैल 2025 तक के रिटर्न के हैं.

केनरा और जीएम लार्ज कैप फंड का कमाल

इसके साथ पिछले 3 साल में केनरा रोबेको ब्लूचिप इक्विटी फंड ने भी निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिया है. इस फंड ने 3 साल में निवेशकों को 12.19 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है और जेएम लार्ज कैप फंड ने पिछले 3 साल में 12.46 फीसदी का रिटर्न दिया है.

घर पर रखते हैं कैश तो हो जाएं सावधान! इनकम टैक्स लेगा एक्शन, समझें नियम

एजेंसी

नई दिल्ली। कई लोग प्राइवेट नौकरी करते हैं तो कई अपना बिजनेस लेकिन आपको अपनी कमाई के अनुसार तो टैक्स भरना ही होता है. हर किसी की कमाई अलग-अलग होती है. लेकिन क्या आप जानते हैं आप अपने घर पर कितना कैश रख सकते हैं. चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं. इनकम टैक्स के नियम के अनुसार घर पर कैश रखने के मामले में कोई विशेष नियम या फिर लिमिट नहीं बनाया गया है.अगर आप खुद आर्थिक रूप से सक्षम हैं तो अपने घर में कितना भी कैश रख सकते हैं. लेकिन आपके पास उस रकम का सोर्स होना चाहिए. अगर किसी भी जांच एजेंसी की ओर से आपसे पूछताछ की जाती है तो आपको सोर्स दिखाना होगा. इसके साथ ही आईटीआर डिक्लेरेशन भी आपको दिखाना होगा.

आईटीआर डिक्लेरेशन और सोर्स बताना होगा

अगर आप पैसों का सोर्स नहीं बता पता हैं तो इसके कारण आप बड़ी मुश्किल में फस सकते हैं. ऐसे में इनकम टैक्स विभाग की ओर से इस बात की जांच की जाती है कि आपने कितना टैक्स भरा है.

अगर कैलकुलेशन में अनडिस्कलोज कैश मिलता है तो इनकम टैक्स विभाग की ओर से आपके खिलाफ एक्शन भी लिया जा सकता है और आपसे अच्छी -खासी पेनल्टी भी वसूल की जा सकती है. आयकर विभाग कार्रवाई करने से पहले इनकम का सोर्स पूछता है. जब आप अपने सोर्स की जानकारी नहीं दे पाते हैं तब एक्शन लिया जाता है. ऐसे में कैश को जब्त भी कर लिया जाता है. कई बार गिरफ्तारी भी होती है.

पैन कार्ड दिखाना होगा

बता दें, कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के मुताबिक आप अपने खाते में एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा कैश निकालते हैं या फिर जमा कराते हैं तो आपको अपना पैन कार्ड दिखाना होगा. अगर किसी व्यक्ति ने पिछले 3 साल से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया है और एक वित्तीय वर्ष में बैंक से 20 लाख रुपए से अधिक रकम निकालता है तो उसे 20 लाख रुपए के ट्रांजैक्शन पर 2 फीसदी और 1 करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजैक्शन पर 5 फीसदी तक का टीडीएस देना पड़ेगा. लेकिन जिन लोगों ने आईटीआर भरा है, उनको इस मामले में थोड़ी राहत मिल सकती है.

टैरिफ की मार से दुनियाभर के बाजार में 'भूकंप', ट्रंप बोले- कई बार देनी पड़ती है दवा

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीति से अमेरिकी शेयर बाजार समेत दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है. ट्रंप के फैसले के बाद कई देशों में 12 त्न से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है. लगातार हो रही इस गिरावट ने सबके माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं. प्रेसिडेंट ट्रंप से जब टैरिफ वार को लेकर सवाल किया तो उनका हैरान कर देने वाला जवाब सामने आया है.

ट्रंप से जब सवाल किया गया कि टैरिफ लगाए जाने के बाद दुनियाभर में गिरावट देखने को मिल रही है, इस पर आप क्या कहेंगे? इस सवाल के जवाब में ट्रंप ने बयान दिया कि मैं नहीं चाहता कि कुछ भी गिरे, लेकिन, कभी-कभी, आपको कुछ चीजों को ठीक करने के लिए ऐसी दवाइयां पिलानी पड़ती हैं.ट्रंप के इस बयान के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि उनको दुनिया भर में बाजारों में मचे हाहाकार से उन्हें कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है. अमेरिकी शेयर बाजार में भयंकर गिरावट देखने को मिल रही है.

दुनियाभर के शेयर मार्केट धड़ाम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नई टैरिफ पॉलिसी लागू किए जाने के बाद से दुनियाभर के शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है. फार्मा, आईटी और ऑटो सेक्टर के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है. ऑस्ट्रेलिया स्टॉक मार्केट में 6 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है, वहीं साउथ कोरिया के बाजार में 5 प्रतिशत, जापान में 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई है.

ट्रंप के फैसले का असर पूरी दुनिया पर हो रहा है. चीन का मार्केट 10 प्रतिशत डाउन है तो वहीं हांगकांग का मार्केट 10 प्रतिशत से ज्यादा गिर गया है.

अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट की माने तो बाजार में अभी 15-20त्न प्रतिशत की और गिरावट देखने को मिल सकती है. एक्सपर्ट की इस भविष्यवाणी के बाद लोगों की टेंशन बढ़ गई है.

मंदी का खतरा मंडराया

अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 26 टैरिफ लगाया और अन्य देशों पर 10 आयात शुल्क लगाया. चीन ने पलटवार करते हुए 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया तो वही कनाडा ने अमेरिकी वाहनों पर 25 टैरिफ लगा दिया है. इसके कारण लोगों में टेंशन का माहौल है. आयात किए गए सामानों पर लगाए गए 10 के नए टैरिफ और दर्जनों देशों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ से व्यापारी घबरा गए हैं. यही कारण है बड़ी मात्रा में बाजार से पैसा बाहर निकाला जा रहा है, जिससे भारी गिरावट देखने को मिल रही है.ट्रंप के टैरिफ फैसले से वैश्विक बाजारों में महंगाई की आशंका बढ़ी है, जिससे मंदी का खतरा गहराता दिख रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ के कारण आयातित सामानों की कीमतें बढ़ेंगी.

गर्मी में बनाएं गोंद कतीरा की ये 4 टेस्टी ड्रिंक, हेल्थ भी रहेगी दुरुस्त

गर्मी के दिनों में ठंडी चीजें खाने का मन करता है. इसके लिए लोग कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम का सेवन बढ़ा देते हैं, लेकिन हेल्दी रहना हो तो ऐसी चीजें खानी चाहिए जो शरीर के टेंपरेचर को कंट्रोल करने में हेल्प करें यानी ठंडी तासीर के फूड्स. गोंद कतीरा भी ठंडी तासीर का होता है और पोषक तत्वों से भरपूर होता है. गर्मी के लिए ये एक बेहतरीन चीज है. गोंद कतीरा की ड्रिंक रिफ्रेशिंग फील देती हैं और हेल्थ को भी कई फायदे मिलते हैं. गोंद कतीरा की अलग-अलग ड्रिंक्स शरीर को ठंडक दिलाने के साथ ही लू से बचाव करेंगी और स्किन हेल्दी रहना, हड्डियां मजबूत होना जैसे कई फायदे मिलते हैं.

गोंद कतीरा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसकी ड्रिं गर्मी में डिहाइड्रेट होने से बचाएंगी, साथ ही इससे पाचन को सुधारने, एनर्जी बूस्ट करने, हार्मोनल बैलेंस करने, बालों को हेल्दी बनाने जैसे फायदे भी होते हैं. तो चलिए जान लेते हैं गोंद कतीरा की ऐसी ही 4 ड्रिंक्स.

गोंद कतीरा की ये ड्रिंक बूस्ट करेंगी एनर्जी

गर्मी में गोंद कतीरा और नारियल पानी दोनों ही चीजों का सेवन बेहद फायदेमंद रहता है. इसके लिए सब्जा सीड्स को पानी में भिगो दें. इसके साथ ही 6-7 टुकड़े गोंद कतीरा भी एक बाउल में लेकर पानी में भिगोकर रख दें. एक घंटे में दोनों चीजें अच्छी तरह से फूल जाएंगी. अब नारियल पानी लें और इसमें एक से डेढ़ चम्मच गोंद कतीरा और इतने ही सब्जा सीड्स को मिला दें. इसमें थोड़ा सा नींबू का रस भी एड करें. तैयार है रिफ्रेशिंग गोंद कतीरा ड्रिंक.

चटपटी मिंट गोंद कतीरा ड्रिंक

सबसे पहले एक तरफ सब्जा सीड्स और गोंद कतीरा को पानी में भिगोकर रख दें. पुदीना की पत्तियों को डंडियों से अलग कर लें. इसमें नींबू, काला नमक, चाट मसाला और भुना जीरा डालें. इन सारी चीजों को ग्राइंड करके पेस्ट बना लें. अब एक गिलास में ठंडा पानी लें और उसमें ये पेस्ट मिला दें. साथ ही में सब्जी सीड्स और आइस क्यूब्स डालें. ड्रिंक को कंप्लीट करने के लिए गोंद कतीरा भी एड कर दें.

गोंद कतीरा की टेस्टी स्मूदी

आप गोंद कतीरा की टेस्टी स्मूदी भी बना सकते हैं. गर्मी में आम काफी पसंद किए जाते हैं तो चलिए जान लेते हैं गोंद कतीरा की ये मैंगो स्मूदी कैसे बनाएं. सब्जा सीड्स को पानी में भिगो दें. गोंद कतीरा को भी भिगों और पके हुए आम का पल्प निकालकर स्मूद पेस्ट बना लें. इसके बाद गिलास में सबसे पहले गोंद कतीरा की लेयर बिछाएं, फिर सब्जा सीड्स डालें और इसके बाद एड करें मैंगो का पल्प. अब सबसे ऊपर इसमें डालें ठंडा दूध. अगर मीठा चाहिए तो शहद एड कर सकते हैं.

गोंद कतीरा और दूध की ड्रिंक

आप गोंद कतीरा को गुनगुने दूध में भी ले सकते हैं या फिर इसकी ठंडी रिफ्रेशिंग ड्रिंक भी बनाकर तैयार की जा सकती है. इसके लिए गोंद कतीरा को दो से तीन घंटे पानी में भिगो दें और फिर दूध को उबालकर ठंडा कर लें. इसमें गोंद कतीरा एड करें. थोड़ी सी चीनी, गुड़ या फिर शहद को मिठास के लिए एड करें. इस ड्रिंक में आप किशमिश, खजूर, बादाम, काजू जैसे नट्स भी मिला सकते हैं जो इस ड्रिंक को और भी हेल्दी बना देंगे.

चिंताजनक है ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक हैप्रसव पीड़ा की मारी एक महिला रात में अस्पताल पहुंचने के लिए पहाड़ी के पांच किलोमीटर रास्ते को कैसे पार करती है? जिस परिवार के पास दूध या अंडे खरीदने की ताकत न हो और उस परिवार में सिलिकोसिस और तपेदिक से गंभीर रूप से पीड़ित कु पोषित युवक हो उस परिवार को आप क्या पोषण सलाह देते हैं? उस बीमार बच्चे का क्या होगा जहां निकटतम स्वास्थ्य सुविधा 20 किमी दूर है और वहां परिवहन की कोई सुविधा उपलब्ध न हो? दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में, जो अस्वच्छता, बाढ़ और कुपोषण से बुरी तरह प्रभावित हैं, वहां आप मलेरिया, डायरिया, हैजा जैसी बीमारियों का मुकाबला कैसे करेंगे? हम इन्हें अक्सर ग्रामीण भारत में स्थितियों के रूप में देखते हैं पर वे इस देश तक सीमित नहीं हैं। ये कहानियां दुनिया भर में मौजूद हैं। विकासशील और विकसित देशों के बीच भारी अंतर के बीच दुनिया भर में ग्रामीण स्वास्थ्य की पहुंच एक प्रमुख मुद्दा है। स्वास्थ्य और आधुनिक संसाधन आम तौर पर शहरों में केंद्रित होते हैं। सभी देशों में परिवहन और संचार संबंधी मुश्किलें हैं और वे सभी देश ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डॉक्टरों व अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी की चुनौती का सामना करते हैं। इन समस्याओं पर 4 अप्रैल से बेंगलुरु में शुरू हुए तीन दिवसीय विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में चर्चा होगी।शहरी क्षेत्रों में 22 प्रतिशत आबादी तक स्वास्थ्य सेवाओं और कवरेज की पहुंच है जबकि इसकी तुलना में दुनिया भर में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और कवरेज 56 फीसदी से कम है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 10.3 करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का दो तिहाई भाग ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में है। %ग्रामीण स्वास्थ्य संरक्षण में असमानताओं पर वैश्विक साक्ष्य% शीर्षक से मई 2015 की रिपोर्ट में %174 देशों के लिए स्वास्थ्य कवरेज में ग्रामीण घाटे पर नया डेटा%, नामक लेख में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच प्रमुख स्वास्थ्य पहुंच असमानताओं का खुलासा किया गया है। यह असमानता विशेष रूप से अफ्रीका में स्पष्ट दिखायी देती है जहां ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच का अभाव है।हालांकि घाटा हर जगह महसूस किया गया लेकिन कम आय वाले देशों और धन के असमान वितरण वाले देशों में यह अंतर बहुत अधिक है। उदाहरण के तौर पर देखें तो नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सबसे ज्यादा है लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,000 अमरीकी डालर से कम है। यहां की जनसंख्या 20.6 करोड़ है। यह अफ्रीका का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। यहां आय का अत्यधिक असमान वितरण है जो इसे अमीर और बहुत गरीब दोनों बनाता है। देश की आबादी का लगभग 40 फीसदी हिस्सा गरीबी और विषम सामाजिक परिस्थितियों में रहता है जो बीमारियां पैदा करते हैं जिसे आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च से विनाशकारी उच्च स्वास्थ्य व्यय के नाम से जाना जाता है। नाइजीरियाई स्वास्थ्य देखभाल खर्च, लगभग 80प्रति सैकड़ा आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च (वह खर्च जो आप अपनी जेब से करते हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति या रिइम्बर्समेंट बाद में हो सकता है या नहीं भी हो सकता)। इसका मतलब यह है कि व्यक्ति स्वास्थ्य बीमा या सरकारी धन पर निर्भर रहने के बजाय सीधे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भुगतान करते हैं। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय में लगातार गिरावट देखी गई है जो 2017-18 में 48.8 प्रति सैकड़ा से घटकर 2021-22 में 39.4 फीसदी हो गई है।विकसित देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा कवरेज के साथ भी भारी समस्याएं हैं। अमेरिका में लगभग 15 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। रहने की कम लागत और जीवन की धीमी गति के कारण ग्रामीण समुदाय में रहने का विकल्प चुनने वाले लोगों को भी स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का विशेष रूप से सामना करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले बुजुर्ग लोगों का प्रतिशत अधिक है जो क्लीनिक या अस्पतालों तक कम पहुंच रखते हैं। ये आंकड़े सिर्फ यह दिखाने के लिए है कि अमीर माने जाने वाले देश स्वास्थ्य सेवा के मामले में ग्रामीण-शहरी विभाजन को देखते हुए कोई अच्छी हालत में नहीं हैं।उदाहरण के तौर पर नीदरलैंड एक छोटा व विकसित देश है जिसमें उच्च जनसंख्या घनत्व है और जिसे अपेक्षाकृत कम दूरी को देखते हुए अन्य देशों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मामूली पहुंच के मुद्दों के कारण कोई समस्या नहीं होनी चाहिए, लेकिन शहरी और ग्रामीण नगरपालिकाओं में जनसंख्या घनत्व में अंतर बड़ा है तथा ग्रामीण इलाकों से शहरी क्षेत्रों में युवाओं के बढ़ते अप्रवासन के कारण ग्रामीण विरल आबादी की समस्याएं बढ़ रही हैं। यह समस्या मुख्य रूप से पीछे छूट गए लोगों की बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की मांगों के कारण है जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा।ग्रामीण जनता खराब स्वास्थ्य, पहुंच की कमी और गरीबी के चक्र में फंसी हुई है। 1992 के बाद से फैमिली डॉक्टरों के विश्व संगठन डब्ल्यूओएनसीए (वर्ल्ड ऑर्गनाडजेशन ऑफ नेशनल कॉलेज एकेडेमिज़ एंड एकेडेमिक एसोसिएशन ऑफ जनरल प्रेक्टिशनर्स, फैमिली फीजिशियन्स) ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया है। उक्त संगठन के माध्यम से किया गया यह अध्ययन मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों की प्रैक्टिस पर आधारित है जिसने विश्व ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलनों और डब्ल्यूओएनसीए ग्रामीण नीतियों के माध्यम से ग्रामीण स्वास्थ्य के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का डब्ल्यूओएनसीए के साथ समझौता है जिसमें ग्रामीण स्वास्थ्य पहल शामिल है। 20 साल से अधिक समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन और वोंका ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर एक प्रमुख विश्व स्वास्थ्य संगठन - डब्ल्यूओएनसीए आमंत्रण सम्मेलन आयोजित किया था। इस सम्मेलन ने ग्रामीण स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल की एक विशिष्ट कार्य योजना शुरू की। फिर भी, वास्तव में कुछ नहीं हुआ है। इसके बावजूद दुनिया भर के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय निकायों के संयुक्त ठोस प्रयासों के माध्यम से ग्रामीण लोगों के लिए %सभी के लिए स्वास्थ्य% का नजरिया प्राप्त होने की अधिक संभावना है।भारत में ग्रामीण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे अन्य देशों की तुलना में अधिक हैं। वहां युवा डॉक्टरों को गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाने जैसी पहल चल रही हैं। इस साल अक्टूबर में भारत भर के युवा डॉक्टरों का एक समूह उदयपुर शहर से 25 किलोमीटर दूर एक गांव इसवाल में बैठक करेगा जो बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज द्वारा आयोजित ग्रामीण संवेदीकरण कार्यक्रम (आरएसपी) में भाग लेगा। यह राजस्थान की एक गैर-लाभकारी संस्था है जो राज्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलाती है। आरएसपी तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यक्रम है जो इस समूह को एक ओर अच्छी तरह से काम करने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं और दूसरी तरफ ग्रामीण व आदिवासी समुदायों के प्रतिदिन के जीवन और संघर्षों को उजागर करने की उम्मीद रखता है। आरएसपी कई युवा डॉक्टरों के बीच कॉर्पोरेट अस्पतालों, फार्मा कंपनियों और कमीशनखोरी की वास्तविक दुनिया से बढ़ते मोहभंग के जवाब में उभरा है। उन्हें किस तरफ जाना चाहिए? इसका जवाब ग्रामीण भारत दे सकता है क्योंकि वह अपनी स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी समस्याओं से बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें समुदाय के करीब आधारित स्वास्थ्य सेवा मॉडल की आवश्यकता होगी जो नैतिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा का प्रैक्टिस करते हैं। ग्रामीण संवेदीकरण शेष विश्व के लिए मार्गदर्शक हो सकता है।

संपादकीय

टैरिफ की चुनौती

पूरी दुनिया को टैरिफ युद्ध की चेतावनी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अब इसे हकीकत बना दिया है। तमाम विकासशील व विकसित देशों के साथ भारत भी इसकी जद में आया है। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने हालात से समझौता करने का निर्णय किया है। कमोबेश, इसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के मुकाबले लगाए गए टैरिफ को स्वीकार कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा ने अपने-अपने देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करने के लिये जवाबी कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है। भारत के लिये अच्छी बात यह है कि हमारे मुख्य प्रतिस्पर्धी-चीन, वियतनाम,बांग्लादेश और थाईलैंड पर हम से कहीं अधिक शुल्क लगाया गया है।

नई दिल्ली को यह भी उम्मीद है कि वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर काम चल रहा है, जिसके जरिये घरेलू उद्योग को टैरिफ वृद्धि के दुष्प्रभावों से निपटने में मदद मिल सकती है। वैसे देखा जाए तो भारत के लिये प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक अवसर मौजूद हैं। इस दौरान भारत को व्यापार करने में आसानी बढ़ाने तथा लाभांश प्राप्त करने के लिये अपने बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। इससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी बल मिलेगा। ध्यान रहे कि ऐसा ही अवसर भारत के सामने तब भी आया था जब कोविड-19 महामारी के चलते चीन के उत्पादन की रफ्तार धीमी हो गई थी। चीन ने ऐसा कदम लंबे समय से चली आ रही जीरो टॉलरेंस की कोविड नीति के चलते उठाया था। जिसके चलते अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित किया था। लेकिन भारत इसके बावजूद हालात का ज्यादा लाभ नहीं उठा पाया था। विडंबना ये रही कि वियतनाम और थाईलैंड वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों का अधिकतम लाभ उठाने में भारत से आगे निकल गए। अतीत से सबक लेकर भारत को नई स्थितियों का लाभ उठाने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहना चाहिए।

वैसे इन हालात में बहुत कुछ भारत की तुलना में ट्रंप के टैरिफ से अधिक प्रभावित देशों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। इन स्थितियों में एक चिंताजनक संभावना यह भी है कि चीन और वियतनाम जैसे देश पहले से ही अमेरिका के लिये निर्धारित अपने निर्यात को भारत में भेजने की कोशिश कर सकते हैं। जिसमें कम लागत वाले सामानों के जरिये भारतीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा सकती है। भारतीय बाजार तो पहले ही चीन के सस्ते उत्पादों से पटे पड़े हैं। जिससे दोनों देशों में व्यापार असंतुलन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 के वित्तीय वर्ष में दोनों देशों के बीच व्यापार में हमारा घाटा 85 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है।

वैसे चिंता की बात यह भी है कि भारत ने बीजिंग के साथ व्यापार घाटे को कम करने की दिशा में कुछ खास कदम नहीं उठाये हैं। हालांकि, भारत ने कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी जरूर लगाई है। इसका मकसद स्वदेशी उत्पादों को पड़ोसी देश के सस्ते आयात से संरक्षण देना ही था। ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से होने वाले नुकसान को कम करने की योजना को लागू करते वक्त इस बात को सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ चलन होगा कि कहीं चीन भारत को प्रतिस्पर्धा के बाजार में शिकस्त न दे दे। आज जब भारत दुनिया का सबसे अधिक युवाओं वाला देश है तो हमें अपनी श्रमशक्ति के बेहतर उपयोग की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा सबसे महत्वपूर्ण बात है कि हम कौशल विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

कुशल कामगारों से हम वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही विदेश निवेश बढ़ाने के साथ ही घरेलू निवेश को गति देने की दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अमेरिका समेत अन्य देशों में जो मंदी की आहट महसूस की जा रही है, उससे हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षा दे सकेंगे। निस्संदेह, आने वाले दिनों में यह टैरिफ युद्ध दुनिया में और अधिक विस्तार ले सकता है। भारत को अपने निर्यात को अन्य देशों में बढ़ाने की दिशा में भी सोचना होगा।

नीति, दृढ़संकल्प व करिश्माई नेतृत्व के दम पर राजनीति के शिखर पर भारतीय जनता पार्टी

सबका साथ, सबका विकास÷ की विचारधारा से ओतप्रोत हो सशक्त, सुदृढ़, समृद्ध, समर्थ, स्वावलम्बी एवं विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रही है, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखलाएं चलाई जा रही है, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारों की नीतियों को लेकर के अधिक से अधिक लोगों के पास कैसे पहुंचा जाएं, देश व प्रदेशों का भाजपा नेतृत्व इसकी रणनीति निरंतर बना रहा है। वह अब भी यह देखकर संतुष्ट नहीं हैं कि उसने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर के इतिहास रचने का कार्य कर दिया है, आज भी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी को ओर मजबूत करने में दिन-रात लगें हुए हैं, जो भाजपा संगठन की एक बहुत ही बड़ी खूबी है और उसको अन्य पार्टियों से अलग बनाती है।

देश की आज़ादी के बाद कभी डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में शून्य से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाली जनसंघ से लेकर के जनता पार्टी तक का सफ़र करते हुए भाजपा की स्थापना और फिर उसको देश व दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने तक के कठिन सफ़र में भाजपा के लाखों करोड़ों निस्वार्थ भाव से लगे हुए संगठन शिल्पी नेताओं व कार्यकर्ताओं का बहुत ही अहम अनमोल योगदान रहा है, उन लोगों की त्याग, तपस्या, लगन, मेहनत, बलिदान से भाजपा आज इस मुकाम पर खड़ी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की इस मेहनत के इतिहास से भारत की राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों को रूबरू अवश्य होना चाहिए। अस्सी के दशक में जनता पार्टी से अलग होकर के किस तरह से अटल बिहारी वाजपेयी व उनके अन्य सहयोगियों ने भारतीय जनता पार्टी का देश में विस्तार करने का एक सपना देखा था और उस सपने को उन सभी ने मिलकर के धरातल पर साकार करते हुए केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार का गठन करने वाले अहम मुकाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से किया था।वहीं इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ने आगे बढ़ाते हुए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर देश में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों का एक-एक करके स्थाई समाधान करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम करना निरंतर जारी रखा हुआ है। भाजपा दशकों के बाद आज भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित ÷एकात्म-मानवदर्शन÷ को अपने वैचारिक दर्शन के सिद्धांतों पर पूरी तरह से अमल करती है। भाजपा का हमेशा अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर रहा है, जो देश व समाज के हित में पूरी तरह से उचित है। भाजपा ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, पांच सिद्धांत राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति करना हैं।अपने सिद्धांतों के चलते ही स्थापना के समय से ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि उसके पास पार्टी व देशभक्ति की विचारधारा से ओतप्रोत राजनेताओं की एक लंबी जमात हमेशा रही है। पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जना कृष्णामूर्ति, एम वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा के कार्यकाल का दौर निकट से देखा है और अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी देखा है, सभी का ÷राष्ट्र प्रथम÷ का ही उद्देश्य मुख्य रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक भी भाजपा को कभी किसी एक परिवार व व्यक्ति की बपौती नहीं बनने दिया है, पार्टी में आज भी आंतरिक लोकतंत्र जिंदा है। देश व दुनिया में भाजपा की पहचान एक ऐसे राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के रूप होती है, जिसका ध्येय देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना है।

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है। साथ ही बीतते हुए समय के साथ भाजपा के कर्ताधर्ताओं ने अपनी चाणक्य नीति व कुशल-कारगर ठोस रणनीति के दम पर देश की राजनीति व लोकतंत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करते हुए बहुत सारे राज्यों व केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर देश की राजनीति को नए आयाम देने का कार्य करते हुए, देश के आम जनमानस के दिलो-दिमाग पर छा जाने का कार्य बखूबी किया है।

भारत के राजनैतिक इतिहास को देखें तो यह स्पष्ट रूप से नज़र आता है कि वर्ष 2014 से देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का स्वर्णिम काल का दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने ना केवल तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर कब्जा जमाने का काम किया है, बल्कि भाजपा के नाम देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का कीर्तिमान भी दर्ज हो गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ से अधिक सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भाजपा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी के करिश्माई नेतृत्व में आज एक ऐसा बेहद विशाल वट वृक्ष बन गई है, जिस पर भरोसा करते हुए देश की लगभग 50 से 60 फीसदी के करीब आबादी सकून से जीवन यापन कर रही है।

नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में वर्ष 2014 में पहली बार केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने अवसर मिला था। जिसके बाद से ही भाजपा ने ÷सबका साथ, सबका विकास÷ के सिद्धांत पर अमल करते हुए देश के नव निर्माण का अभियान शुरू कर रखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बहुत ही कम समय में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने विश्व भर में भारत की गरिमा को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। मोदी सरकार में अन्त्योदय, सुशासन, विकास एवं समृद्धि के रास्ते पर देश तेजी के साथ बढ़ चला है। आर्थिक और सामाजिक सुधार सुरक्षित जीवन जीने का मार्ग उपलब्ध करा रहे हैं। केंद्र सरकार की किसानों के लिये ऋण से लेकर खाद तक की नयी नीतियों, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड आदि ने कृषि के तीव्र विकास की अलख जगायी है। मोदी के नेतृत्व में देश में सुशासन के नये युग का दौर चल रहा है। मोदी सरकार की चाहे आदर्श ग्राम योजना हो, स्वच्छता अभियान या फिर योग के सहारे भारत को स्वथ्य बनाने का अभियान, इन सभी कदमों से देश को एक नयी ऊर्जा मिली है। भाजपा की मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, अमृत मिशन, दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना, डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से देश को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। जनधन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं देश में एक नयी क्रांति का सूत्रपात कर रही हैं, देश में केंद्र सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर विश्वस्तरीय अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने देशवासियों को विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सुरक्षा योजना का उपहार दिया है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370, नोटबंदी, ट्रिपल तलाक, वक्फ बिल आदि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं।

भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को देखकर लगता है कि वह एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय हैं, विदेशी नीति के मसले पर भारत सरकार अब विश्व शांति तथा एक न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। भाजपा सरकार में भारत वैश्विक मंच पर दमदार ढंग से अपनी बात रखने की ताकत रखता है। भाजपा की कल्पना भारत को एक ऐसे ताकतवर राष्ट्र बनाने की है, जिसकी निवासी खुशहाल हो, जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं सनातन धर्म संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान विश्वशक्ति एवं विश्वगुरू के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो।

दवाएं भी दे सकती हैं दगा

दवाएं उतनी ही मात्रा में लेना चाहिए जितनी चिकित्सक ने लिखी हों। इससे कम या अधिक नुकसानदायक हो सकती हैं। अब तक ऐसी कोई औषधि नहीं है, जिसके कोई साइड इफेक्ट्स न हों। अतः अपने मन से खाई गई कोई दवा, जहर भी हो सकती है।

जीवन की रक्षा करने वाली दवाइयां हमेशा सुरक्षित नहीं होती हैं। यदि आप चिकित्सक की सलाह के बिना इन्हें मनमाने तरीके से ले रहे हो तो ये खतरनाक भी हो सकती हैं।

कोर्स और डोज पर दें ध्यान

लगभग सभी बीमारियों में दवाइयों की निश्चित मात्रा निर्धारित समय तक ही दी जाती है। खुराक एवं मात्रा में से किसी भी एक का ध्यान न रखा जाए तो ये दवाइयां खतरनाक हो सकती हैं। दमा के तेज अटैक से तुरंत राहत के लिए चिकित्सक ओरल स्टीरायड्स मरीज को देते हैं, लेकिन देखा गया कि करीब 5 से 10 प्रतिशत मरीज उन पर्चों को संभालकर रख लेते हैं ताकि जब दोबारा अटैक आए तो वही दवा फिर से खा लें। कई मरीज तो चिकित्सक को बिना बताए हफ्तों और यहां तक कि महीनों भी अपने मन से स्टेरायड्स खाते रहते हैं। इसके गंभीर परिणाम होते हैं। इसी तरह ब्लड प्रेशर की दवाइयों की खुराक बिना रक्तचाप नापे ज्यादा या कम नहीं करना चाहिए।

कहीं ऐसा तो नहीं करते

कई मरीजों के परिजन अस्पताल के आईसीयू में यह कहते हुए सुनाई पड़ते हैं कि हमारे मरीज को रक्तचाप की शिकायत अर्से से है और वे नियमित दवा खाते हैं। अब सिरदर्द की शिकायत होने पर भी उन्हें लगा कि रक्तचाप बढ़ गया है इसलिए एक गोली और खा ली।

इससे रक्तचाप तेजी से गिर गया तो आईसीयू में भर्ती करवाना पड़ा। कई लोग सिरदर्द, बदन दर्द के लिए एस्प्रीन, ब्रूफेन व अन्य दर्द निवारक दवाएं बिना निदान के अपने आप कई वर्षों तक लगातार लेते रहते हैं। ये दवाइयां कुछ समय के लिए सिर्फ दर्द को दबाती हैं। कारण को ठीक नहीं करती। इन दवाइयों से पेट में अल्सर, एनिमिया, गुर्दे खराब होना इत्यादि परेशानियां आ सकती हैं। कई लोग कमजोरी के लिए विभिन्न प्रकार के टॉनिक व विटामिन्स खाते रहते हैं। बी-कॉम्प्लेक्स व विटामिन-सी यदि ज्यादा ले भी लिए तो मूत्र के साथ निकल जाते हैं। लेकिन कुछ घुलनशील विटामिन्स जैसे विटामिन ए व विटामिन डी ज्यादा खुराक के कारण शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया में व्यवधान भी उत्पन्न कर सकते हैं।

एंटीबायटिक्स से बचें

एंटीबायटिक्स अपने मन से न लें। कई बार उनकी जरूरत नहीं होती। कई मरीज इस हिस्ट्री के साथ आते हैं कि पिछली बार जैसे लक्षण थे, इसलिए हमने आपका पिछला पर्चे दिखाकर दवा ले ली, लेकिन इस बार फायदा नहीं हुआ। एक ही एंटीबायटिक को बार-बार लेने से उससे शरीर में रोग-प्रतिरोधक शक्ति कम हो जाती है। ऐसी स्थिति में हल्की एंटीबायटिक असर नहीं करती। अब केवल ताकतवर एंटीबायटिक देने पर भी फायदा होता है। अधिक समय तक एंटीबायटिक खाने से बीमारी बढ़ती रहती है और कई बार उसके साइड इफेक्ट्स जैसे- दस्त होना, पेट खराब हो जाना, मुंह में छाले इत्यादि हो सकते हैं। इसलिए कोई सी भी एलोपैथिक दवाई चिकित्सक के परामर्श के बगैर न लें। खासकर वे लोग जो पहले ही से दवाइयां लेते रहते हैं, उन्हें विशेष ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि उनकी पहले की दवाइयां इन नई दवाइयों से मिल कर उनके लिए नई परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।

दर्द को न करें नजरअंदाज

अपने शरीर में होने वाले दर्द को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कई बार ये दर्द किसी बीमारी का संकेत भी हो सकते हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करने की बजाय तुरंत इनका इलाज करवाकर बड़ी बीमारी को टाला जा सकता है...

पेट दर्द

पेट दर्द होना एक सामान्य सी बात है, लेकिन महानगरों में यह कुछ ज्यादा ही देखने में आता है। वजह यह कि महानगरों के लोगों का खाने-पीने का कोई वक्त नहीं होता। फिर बाहर के खाने से बचना भी यहां के लोगों के लिए मुश्किल होता है। जहां तक महिलाओं की बात है तो उनमें पेट का दर्द यूट्रस में होने वाली समस्याओं का संकेत हो सकता है। कई बार दर्द के साथ-साथ पेट में गड़बड़ भी हो सकती है जैसे- कब्ज या डायरिया। सही वजह पता लगाने का सबसे बेहतर तरीका है अल्ट्रासाउंड। इससे पेट की गांठ का आसानी से पता लगाया जा सकता है। अगर जल्दी पता लग जाए, तो सिर्फ दवा से ही इसका इलाज संभव है, लेकिन गांठ बढ़ जाने से की-होल सर्जरी करवानी पड़ती है।

कमर दर्द

कमर दर्द से भी तमाम लोग परेशान रहते हैं। दिनभर कंप्यूटर के सामने बैठे रहने से यह समस्या और भी बढ़ जाती है। कमर दर्द अगर नीचे की तरफ बढ़ने लगे और तेज हो जाए, तो जल्द से जल्द डॉक्टर को दिखाएं। कभी-कभी दर्द कुछ मिनट ही होता है और कभी-कभी यह घंटों तक रहता है। ऐसा दर्द पथरी की वजह से हो सकता है। इसकी जांच एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और यूरीन टेस्ट के जरिए करवाई जा सकती है।

जबड़े का दर्द

जबड़े का दर्द अक्सर जबड़ों के जॉइंट्स के ज्यादा काम करने की वजह से होता है। यह समय के साथ सही भी हो जाता है, लेकि न मुंह खोलते और बंद करते वक्त जब आवाज के साथ ऐसा दर्द हो तो यह जॉइंट की चोट की वजह से भी हो सकता है। साधारण एक्स-रे से इसका पता लगाया जा सकता है। दवा से इसका इलाज करवाया जा सकता है।

जोड़ों का दर्द

यह दर्द ज्यादातर मामलों में पचास साल की उम्र के बाद शुरू होता है। इसकी शुरुआत घुटनों में हल्के दर्द के साथ होती है। धीरे-धीरे यह दर्द हाथों की अंगुलियों के जोड़ों में भी आ जाता है। यह दर्द हिलने-डुलने से बढ़ता जाता है। दर्द के बढ़ जाने पर तुरंत ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करें। एक्स-रे या बोन डेंसिटी टेस्ट से ऑस्टियोआर्थराइटिस या रुमेटॉइडआर्थराइटिस का पता लगाया जा सकता है। यह समस्या पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में पाई जाती है। इस बीमारी को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता, लेकिन फिजियोथेरेपी और स्टेरॉइड्स लेकर इसे बढ़ने से रोका जरूर जा सकता है। तकलीफ बढ़ने पर नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत भी पड़ सकती है।

अंगूठों का दर्द

अगर अंगूठों में दर्द रहता है तो यह गठिया का लक्षण हो सकता है। जोड़ों में ज्यादा यूरिक एसिड क्रिस्टल जमा हो जाने से यह दर्द होता है। वक्त गुजरने के साथ ही यह दर्द इतना असहनीय हो सकता है कि इससे चलने-फिरने में भी दिक्कत हो सकती है। इसे एक्स-रे द्वारा पहचानकर दवा से ठीक किया जा सकता है।

माथे का दर्द

ज्यादातर दर्द पूरे सिर में होता है, लेकिन जब यह दर्द काफी तेज हो तो यह गंभीर स्थिति हो सकती है, इसलिए सिर दर्द को कभी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से मिलें। यह 50 साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों में देखा जाता है।

पसीने का जड़ी-बूटी द्वारा उपचार

गर्मियों के मौसम मे चिल-चिलाती धूप व बढ़ती गर्मी पसीने का कारण बनती है जो शरीर से पसीने की दुर्गन्ध का भी मुख्य कारण है। साथ ही यह घमौरियों व चर्मरोग को भी जन्म देते है।

इस बढ़ती गर्मियो मे पसीने से निजात पाने के लिए जड़ी-बूटी द्वारा इसका उपचार संभव है।

एक बार पहने हुए वस्त्रों को बिना धोए अलमारी में न रखें।

बिना धुले वस्त्रों को अलमारी में रखने पर दुर्गन्ध पैदा करने वाले बैक्टीरिया सक्रिय होकर वस्त्रों में दुर्गन्ध पैदा कर देते हैं।

शरीर की साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

नीम युक्त साबुन का नहाते वक्त इस्तेमाल करें तो बेहतर रहेगा।

जहाँ तक हो सके कड़ी धूप से बचें।

वस्त्र ऐसे पहनें जो शरीर से चिपके हुए न हों क्योंकि तंग वस्त्रों में ज्यादा पसीना आता है और वाष्पीकरण सही ढंग से नहीं हो पाता है जिससे कपड़ों से दुर्गन्ध आने लगती है।

सिन्थेटिक वस्त्र न पहनकर सूती वस्त्र पहने तो ज्यादा ठीक रहेगा।

तली-भुनी व मसालायुक्त चीजें न खाएँ।

मौसमी फलों का सेवन करें।

जड़ी-बूटी द्वारा उपचार

बबूल के पत्ते और बाल हरड़ को बराबर-बराबर मिलाकर महीन पीस लें। इस चूर्ण की सारे शरीर पर मालिश करें और कुछ समय रूक-रूक कर स्नान कर लें। नियमित रूप से यह प्रयोग कुछ दिनों तक करते रहने से पसीना आना बंद हो जाएगा।

दुर्गन्ध करे दूर

पसीने की दुर्गन्ध दूर करने के लिए बेलपत्र के रस का लेप शरीर पर करना चाहिए। अडूसा के पत्रों के रस में थोड़ा शंख चूर्ण मिलाकर शरीर पर लगाने से शरीर से पसीने की दुर्गन्ध दूर हो जाती है।

विटामिन डी की कमी घातक

विटामिन डी की कमी आपकी धमनियों को कठोर बना सकती है। एक नए अध्ययन के मुताबिक लोगों के शरीर में विटामिन डी की कमी धमनियों को सख्त बना सकती है।

विटामिन डी की कमी से रक्त वाहिनियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है, इससे रक्तचाप (बीपी) बढ़ सकता है और दिल की बीमारियां हो सकती हैं। अध्ययन में शामिल जिन प्रतिभागियों ने विटामिन डी की उच्च मात्रा ली, उनकी रक्तवाहिनियों के स्वास्थ्य में सुधार देखा गया और उनका रक्तचाप भी कम हो गया था। अध्ययन में संस्थान के करीब 550 कर्मचारी शामिल हुए थे।

तुरंत एनर्जी दे सुबह का नाश्ता

सुबह का नाश्ता शरीर के लिए फायदेमंद होता है। जो शरीर को तुरंत एनर्जी प्रदान करता है। साथ ही नाश्ते मे अंकुरित अनाज तथा फलों में केला, पपीता, सेब, आम, अंगूर व शहद, दही ले तो यह और अधिक फायदेमंद होगा।

अंकुरित फलों व अनाज में एनर्जी

पसंदीदा फलों को जैसे केला, पपीता, सेब, आम, अंगूर, सबको छोटे-छोटे टुकड़े करके कांच के कटोरे में रखें। सबसे पहले तीन बड़े चम्मच, शहद डालें और फल डालें। उसके ऊपर योगार्ड (गाढ़ा दही) अगर आप इसे ठंडा खाना चाहते हैं तो इसे फ्रिज में रख दें, अब बाहर निकालकर नाश्ता करें। यह आपके लिए सुपाच्य तथा तुरंत स्फूर्ति देने वाला होगा। खासतौर पर महिलाओं के लिए पौष्टिकता, रक्तवृद्धि तथा त्वचा की नमी बनाए रखने वाला नाश्ता है। सभी विटामिन सी वाले फल यानी अंगूर, अनार, अनानस, संतरा, पपीता, मौसमी सभी फलों को काट लें। अब उस पर काला नमक, सफेद नमक, भुनाजीरा, नीबू डालकर मिक्स करें। इस तरह से अपनी दिनचर्या में पौष्टिक नाश्ता का समावेश करें। सुबह सही समय अवश्य नाश्ता करें। वक्त की कमी की वजह से कुछ भी खाकर पेट न भरें। अगर समय की कमी हो, तो रात में ही अंकुरित अनाज की तैयारी कर लें, रात में ही भिगा दें, जो अंकुरित अनाज आपको पसंद हो जैसे- काला चना, साबुत मूंग, लोभिया, मूंगफली दाना। सुबह उसमें प्याज, टमाटर, खीरा, ककड़ी, हरी धनिया, मिर्च महीन काट कर ऊपर से नीबू निचोड़ दें।

नमकीन दलिया फायदेमंद

काला नमक काली मिर्च, भुना जीरा डाल कर खाएं, अगर आप को कच्चा अंकुरित अनाज पसंद नहीं है, तो कुकर में एक सीटी लगा बनाया जा सकता है। बस हो गया आपका सेहतमंद नाश्ता तैयार। फिर कभी-कभी नमकीन दलिया भी तैयार करके खाया जा सकता है। चाहे तो आप इस नमकीन दलिया में स्वाद के लिए कोई पसंदीदा सब्जी भी डाली जा सकती है। इस तरह कम समय में पौष्टिक नाश्ता तैयार हो सकता है। सुबह के नाश्ते में हो सके तो दूध अवश्य लें। सुबह के समय पाचन क्रिया तेज होती है।

चिकन पॉक्स घबराएं नहीं

इन्हें जल्दी हो सकता है संक्रमण

गर्भावस्था के समय महिला को चिकन पॉक्स होने पर नवजात शिशु में संक्रमण का खतरा 70 प्रतिशत बढ़ जाता है। कमजोर रोग-प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को भी यह वायरस आसानी से शिकार बना लेता है, इसलिए गर्भ ठहरने के 14 हफ्ते के बाद दी गई पावर बूस्टर डोज को वैरिसेला वायरस के बचाव के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

निकलें। इससे एक परिवार का संक्रमण दूसरे परिवार तक पहुंचने से रुकेगा। रोगी के पास खूब सफाई रखें, जिससे संक्रमण बढ़ने न पाए।

दोबारा चिकन पॉक्स, दोगुनी सावधानी

जिन लोगों को दोबारा चिकन पॉक्स हो रहा है, उन्हें सचेत रहने की ज्यादा जरूरत होती है। चिकनपॉक्स एक बार हो तो अधिक गंभीर नहीं है, जबकि यदि दस साल की उम्र के बीच बच्चों को दो बार से अधिक बार हो तो ल्यूकीमिया बीमारी हो सकती है। ये खून से संबधित बीमारी है, जिससे रक्त में पाई जाने वाली लाल रक्त कणिकाएं तेजी से क्षतिग्रस्त होती हैं।

डॉक्टरों का मानना है कि चिकन पॉक्स को समझने में मरीज देरी कर देते हैं, जिससे अक्सर इलाज मुश्किल हो जाता है। इसलिए सबसे पहले चिकन पॉक्स के लक्षण जानने जरूरी हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि सबसे खास लक्षण है शरीर में पानी युक्त लाल दानों का उभरना। इसके बाद मरीज को जुकाम व बुखार की शिकायत शुरू हो जाती है।

सावधानियां जरूर बरतें

एक बार आपको ये लक्षण दिख जाएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। दूसरे लोगों को इससे सुरक्षित रखने का प्रयास भी करें। याद रखें कि हवा और खांसी के माध्यम से संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के शरीर तक पहुंच जाता है। बच्चों को विशेष रूप से चिकन पॉक्स के रोगी से दूर रखें। चिकन पॉक्स के रोगी घर से कम से कम

साफ-सफाई का रखें ख्याल

कई लोगों को भ्रम है कि चिकन पॉक्स के रोगी को नहलाना नहीं चाहिए, जबकि सच यह है कि चिकन पॉक्स के मरीज को अतिरिक्त साफ-सफाई की जरूरत होती है। मरीज को रोज नीम के पानी से नहलाना चाहिए। साफ कपड़े पहनाने चाहिए। उसके बर्तन वगैरह भी अलग रखने चाहिए, ताकि उसका संक्रमण दूसरों तक न पहुंचे।

कब घातक होता है चिकन पॉक्स ? यों तो चिकन पॉक्स पूरी तरह से इलाज वाली बीमारी है और सही इलाज मिलने पर जल्दी ठीक भी हो जाती है। संक्रमण भी एक हफ्ते से दो हफ्ते के बीच में खत्म हो जाता है। लेकिन अगर सावधानियां न बरती जाएं तो दो से तीन हफ्ते तक संक्रमण शरीर में बढ़ता रहता है। अगर ये नियंत्रित न हो तो दिमाग और लीवर तक इसका असर पहुंच जाएगा। इसके बाद दूसरी बीमारियां आपको अपनी गिरफ्त में लेने लगती हैं। इनमें ज्वॉइंडिस यानी पीलिया जैसी बीमारी भी हो सकती है, जिसे आम लोग जानते-समझते हैं। हाइड्रोसेफेलिक्स जैसी गंभीर बीमारी भी हो सकती है, जिसका अक्सर लोगों ने नाम भी नहीं सुना होता। हाइड्रोसेफेलिक्स में दिमाग में पानी भर जाता है।

टीकाकरण ही एकमात्र बचाव

चिकनपॉक्स से बचाव के लिए सीएक्सवी वैक्सीनेशन एकमात्र विकल्प है। गर्भवती महिला को डोज दी जाती है, जिससे बच्चा सुरक्षित रहे। अगर गर्भवती महिला को दवा नहीं दी गई है तो जन्म के 14 हफ्ते के भीतर बच्चों को चिकन पॉक्स की तीन डोज दी जाना चाहिए। निजी नर्सिंग होम में टीका 1350 रुपए में उपलब्ध है।

मिथ और हकीकत

मिथ- गहरे रंग की चीजें खाने से गहरे दाग पड़ते हैं!

सच- गहरे दाग से बचना चाहते हैं तो केवल एक सूत्र याद रखें कि दागों पर बार-बार नाखून न लगें।

मिथ- चिकन पॉक्स ठीक होने के चार या पांच महीने तक नॉनवेज नहीं खाना चाहिए, वरना शरीर में खुजली हो जाती है।

सच- मेडिकल साइंस नॉनवेज खाने से कतई नहीं रोकती। यहां तक कि अगर आप सी फूड खाएं तो भी कोई नुकसान नहीं होता।

मिथ- चिकन पॉक्स के दौरान बाल नहीं धुलने चाहिए और नहाना भी नहीं चाहिए वरना शरीर में हवा घुल जाती है और बुढ़ापे में कई समस्याओं का सामना पड़ता है।

सच- आप रोज नहा सकते हैं। बाल भी धुल सकते हैं। केवल इतना ध्यान रखिए कि दाग वाले स्थान पर गीले तौलिए से न पोछें, वरना संक्रमण हो सकता है।

मिथ- अगर एक बार चिकन पॉक्स हो गया तो दोबारा नहीं हो सकता।

सच- ऐसा नहीं है। कई लोगों को ये दोबारा होता है। इसलिए किसी गलतफहमी में न रहें। सावधानी बरतें।

मिथ- खुजली वाले स्थान पर कुछ लगाना नहीं चाहिए।

सच- डॉक्टर ऐसा कोई परहेज नहीं बताते।

मेकअप करें सावधानी से

नारी के व्यक्तित्व को निखारने और उसे आकर्षक रुप प्रदान करने में जहा वस्त्रों, आभूषणो का महत्वपूर्ण स्थान है, वही सही ढंग से किया गया मेकअप भी नारी के सौंदर्य को और आर्कषक रुप प्रदान करता है। मेकअप करना एक कला है और हर कोइ इस कला में निपूण हो यह आवश्यक नहीं किंतु थोड़े सा अभ्यास और मेकअप के बारे में सही जानकारी आप को भी मेकअप करने की कला में अभ्यस्त कर देगी। आवश्यकता तो मात्र आपकी लगन और आप के निंरतर अभ्यास की है।

मेकअप करते समय ध्यान देने योग्य बातें-

- मेकअप ऐसा करे जो प्राकृतिक दिखे।
- चेहरे के आकार का विशेष ध्यान रखें।
- मेकअप अवसर और समय के अनुसार करें।
- चेहरे के दाग -धब्बों का भी ध्यान रखें।
- घटिया क्वालिटी के सौंदर्य प्रसाधनो के प्रति जागरुक रहें।

मेकअप के प्रयोग विधी-

- सर्वप्रथम क्लींजिग मिल्क से भली प्रकार त्वचा को साफ करें।
- टोनर या एस्ट्रींजैट का सहायता से भी त्वचा साफ कर सकती हैं।
- अपनी त्वचा के रंग का फाउंडेशन उंगलियों के पोरों से त्वचा पर अच्छी तरह लगाएं।
- इसके उपरांत फेस पाउडर करके हल्का सा ट्रांस्युलैंट लगाएं।
- गालों के साइडों पर पिंक या गुलाबी रंग का ब्लशर लगाएं।
- वस्त्रो के अनुरुप आई शैडो का प्रयोग करें। आईलाइनर तभी लगाएं जब इसकी आवश्यकता हो।
- मस्कारे का प्रयोग पलकों की बरौनियों को घना बनाने के लिए करें।
- ब्रश से होंटो पर लिपस्टिक लगाएं,लिपस्टिक सदैव ऊपरी होंठ के मध्य से आंरभ करें और होंठों की रेखा बनाते हुए बाईं तथा फिर दाई ओर लगाएं। इसी प्रकार नीचे होंठ पर भी बाहरी रेखा बनाएं।

मेकअप करते समय सावधानियां-

- दिन के समय आई शैडो का प्रयोग कम करें।
- पार्टी व जन्मदिन के अवसर हल्के रंगो का प्रयोग करें।
- दिन के समय हाईलाइटर का प्रयोग कर सकती हैं।
- दिन के समय फाउंडेशन के स्थान पर केवल कॉम्पैक्ट का प्रयोग करें।
- तैलीय त्वचा के लिए तेल रहित फाऊंडेशन लगाएं।
- फेस पाऊडर का रंग त्वचा के रंग से थोड़ा गहरा प्रयोग करें।
- त्वचा पर ब्लैंडिंग सटीक होनी चाहिएं। पृथक रेखाएं नहीं होनी चाहिएं।
- वस्त्रो से मेल खाते आईलाइनर का प्रयोग करें।

बादाम पालक परांठा

सामग्री : 1 कप आटा, 1/2 कप बेसन, 1/4 कप बारीक कटा बादाम, 1 कप बारीक कटी पालक, 1/4 कप हरा प्याज बारीक कटा, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च कूटी हुई (चिली फ्लैक्स), 1 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच सौंफ, स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हींग, 1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला, 2 छोटे चम्मच तेल और आटा गूंथने के लिए दूध।

विधि : सभी सामग्री मिलाएं और दूध से गूंथ लें। तवा गर्म करें। गूंथे आटे के पेड़े बना कर बेलें और तवे पर घी लगा कर दोनों ओर से सेंक लें। टमाटर की मीठी चटनी के साथ परोसें। चाहें, तो टमाटर की चटनी में बारीक कटी पालक भी मिला सकती हैं। स्वाद दोगुना हो जाएगा।

...ताकि सब रहे तरो-ताजा

अपने रैफ्रिजिरेटर में एक आलू अवश्य रखें। आलू फ्रिज में पकी सब्जियों की गंध एब्जार्ब कर लेता है और फ्रिज में बनने वाली गैसों को भी जिससे फ्रिज में रखी सब्जियां, फल अधिक समय तक ताजे बने रहते हैं। हर कुछ दिन में आलू को बदल दें।

मैट्रो शहरों में सभी अपने-अपने कार्यों में इतने व्यस्त रहते हैं कि प्रतिदिन ताजा सब्जी और फल खरीदने के लिए उनके पास समय ही नहीं होता। जीवन में व्यस्तता के कारण वे समय मिलते ही अपने घर-बाहर के कार्यों को इकट्ठा निपटा देना चाहते हैं।

सामान तो इकट्ठा आ गया पर यदि उसे ढंग से संभाल कर न रखा जाए गया तो सामान बेकार तो जाएगा ही, इससे धन और समय दोनों की बर्बादी भी होगी। आइए जानें सब्जियों व फलों को कुछ समय के लिए किस प्रकार ताजा रख सकते हैं।

- सेबों को कभी भी किसी सब्जी या फल के साथ फ्रिज में न रखें। सेब से कुछ इस प्रकार की गैसें उत्सर्जित होती हैं जो अच्छे फल-सब्जियों को नुक्सान पहुंचाती हैं और उन्हें गला देती हैं।

- इसी प्रकार खीरे व ककड़ी के साथ टमाटर को स्टोर न करें। टमाटर भी कुछ गैसों को उत्सर्जित करते हैं जिनसे खीरा व ककड़ी जल्दी खराब हो जाते हैं।
- पनीर को फ्रिज में स्टोर करते समय एयरटाइट कंटेनर में कुछ चीनी के क्यूब भी रख दें ताकि वे पनीर की नमी को सोख सकें। इस प्रकार पनीर को ज्यादा दिनों तक आप ताजा रख सकते हैं।
- अंडों की नुकीली साइड सदा नीचे की तरफ रखें। अंडे ज्यादा दिन तक फ्रैश रहेंगे।
- अपने रैफ्रिजिरेटर में एक आलू अवश्य रखें। आलू फ्रिज में पकी सब्जियों की गंध एब्जार्ब कर लेता है और फ्रिज में बनने वाली गैसों को भी जिससे फ्रिज मे रखी सब्जियां, फल अधिक समय तक ताजे बने रहते हैं। हर कुछ दिन में आलू को बदल दें।
- मूली को कभी भी सीधे फ्रिज में न रखें। उसे किसी बर्तन में पानी भर कर रखें।
- सूजी, मैदा, ड्राईफ्रूट्स (बादाम, काजू, किशमिश) को एयरटाइट डिब्बे में फ्रिज के साइड पर रखें। इससे कीड़ा नहीं लगेगा।
- साबुत दालों को एयरटाइट डिब्बों में दवाइ डाल कर रखें ताकि उनमें कीड़ा न लगे।
- पकी हुई सब्जी को लम्बे समय तक फ्रिज में न रखें। उसे फ्रीजर में एयर टाइट कंटेनर में रखें। बनी हुई सब्जी का प्रयोग 24 घंटों के भीतर कर लें तो अच्छा होता है।
- लहसुन, प्याज को छील कर एयर टाइट कंटेनर में फ्रिज में रख सकते हैं। लहसुन तो आप 10 से 15 दिन तक स्टोर कर सकते हैं, प्याज दो दिन तक।
- गूंथा हुआ आटा तेल या घी का हाथ लगा कर डिब्बे में ढक कर रख सकते हैं या गीला कपड़ा रख कर ऊपर ढक्कन लगा कर भी रख सकते हैं। दो दिन तक आटा काला भी नहीं पड़ेगा और खरीब भी नहीं होगा।
- नींबू धो-पोंछ कर पॉलीथीन में पैक कर एक सप्ताह तक रख सकते हैं।

रूसी से बचने के उपाय

- बालों की जड़ों को छूते हुए, मोटे दांत वाले, उत्तम क्वालिटी के कंघे से नियमित कंघी करें। पांच मिनट तक कंघी करने से बालों में जमा गंदगी त्वचा से छूटेगी।

- कंघी करने के पश्चात गोल दांतों वाले ब्रश से पांच मिनट तक बालों में आहिस्ता-आहिस्ता ब्रश करें। रक्तसंचार तेज होगा।
- कंघी व ब्रश करते वक्त ध्यान रहे कि रूसी चेहरे या खुले अंगों पर न गिरे। बालों को चेहरे के पीछे की तरफ ब्रश करें व जहां-जहां रूसी गिरी हो, उस स्थान को किसी एंटीसेप्टिक की सहायता से पोंछ लें।
- रूसी वाले कंघे व ब्रश को गर्म पानी व साबुन से धो डालें व थोड़ी देर धूप में रखें या एंटीसेप्टिक लगाएं।
- सप्ताह में एक या दो बाद एंटीसेप्टिक तेल से सिर की मालिश करें। मालिश करने के बाद बालों को भाप दें। इससे तेल बालों की गहराई तक जाता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त होता है।
- बालों को धोने के बाद हर्बल पैक लगाएं। इस हर्बल पैक से रूसी भी दूर होगी, साथ ही बालों को अतिरिक्त खुराक भी मिलेगा।
- सप्ताह में एक बार गुनगुने तेल में 8-10 बूंदें कैलेंडुला क्यू मिलाकर मालिश करें। तीन-चार घंटे बाद बाल धो लें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपच्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

मकर मे जा जी खी खू खे खो गा गी

थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

काकुरो पहेली - 2039



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2038 का हल



हंसी के फव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

फिल्म वर्ग पहेली- 2039



बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2038

बै	ग	ग		स	ड़	क		आ	
जू		ज	ह्म	द		स	सु	ग	ल
बा	द	ल		मा	लि	क		ध	
व			बा		बा		बे	ना	म
ग	जा	बा	बू		स	रि	ता		हा
	ल	व		बे			ब	से	ग
इ		ची		खु	द्दा	र			जा
क	र्ज		शा	दी		ख	ली	फा	
बा		गै	र		दा	वा			द
ल	ज्ञा		दा	ग		ला	वा	रि	स

सूडोकु -2039

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2038 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8

शब्द पहेली - 2039



बाएँ से दाएँ

1. कार्य,काम-2
2. अग्नि,अनल-2
3. संग,संगत-2
4. मदिरा,शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार,सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया,परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी,चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा,सरल-2
19. वीर,बहादुर-2
20. दलदल,गाद-3
21. तांत,टेलीग्राम -2
22. वंश,खानदान-2
23. नशा,नशापानी-3
24. चिट्ठी,पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण,दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर,तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर,मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव,पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स,हाथ-2

ऊपर से नीचे

1. समय,वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर,सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक,द्वारयंत्र-2
7. धाय,नर्स,दाई-2
8. अवरोध,रुकावट-3
9. मगन,मग्न-2
10. सप्त,सप्तम-2
11. लक्ष्मी,रमा-3
12. मौज,मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन,रगस-3
15. गमन,जाना-2
16. पुन:,वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य,दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल,गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली - 2038 का हल

क	फ		ज	प		त	न		शा	न
प	त	न		ल	त		भ	ला		शा
	वा	न	र		म	ल		ज	रा	
फि		द	म	न		क	द		ज	न
दा	दा		ल	क	वा		म	स्त		ख
	न	या		ल	च	क		र	थ	
रा		क	ल		क	ल	म		ल	ब
ही	र		ह	र		ह	म	ल		ल
	स	जा		जा	ल		ता	ड़	ना	
य		म	त		व	ध		ना	का	रा
म	य		ल	क्ष्य		न	ल		म	जा

अपनी नाकामी छिपाने के लिए भाजपा सरकार 'सांप्रदायिक सियासत कर रही : अखिलेश यादव

लखनऊ . समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए 'सांप्रदायिक सियासतकर रही है। सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रयागराज महाकुंभ में मारे गये हिंदू श्रद्धालुओं और गुम हुए हिंदुओं की संख्या बताने से बचने और मुआवज़ा देने से बचने के लिए भाजपा सरकार साम्प्रदायिक सियासत कर रही है।उन्होंने कहा कि भाजपाई अपनी विफलता और नाकामी को छुपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यादव ने कहा,जो नहीं रोक सकती किसी का तिरस्कार, वो कुछ और भले हो पर हो नहीं सकती सरकार।निंदनीय! पुलिस के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भगदड़ मचने से 30 लोगों की जान चली गयी थी।

पुलिस कांस्टेबल ने अपनी सर्विस कार्बाइन से की आत्महत्या, आंख में लगी गोली सिर के पार हुई, रेलवे ट्रैक के पास मिला शव

मुजफ्फरनगर . उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिला मुख्यालय के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रेल पटरी के पास रविवार शाम एक पुलिस कांस्टेबल (सिपाही) ने अपनी सर्विस कार्बाइन से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सिपाही रूपेंद्र ने अपनी सर्विस कार्बाइन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक (शहर) सत्यनारायण परजापत ने पत्रकारों को बताया कि कांस्टेबल का शव देर शाम बरामद किया गया।

शव के पास से उसकी सर्विस कार्बाइन भी बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि वह यहां न्यायिक मजिस्ट्रेट के सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात था। इस बीच मृतक कांस्टेबल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

सैयद सालार मसूद ग़ाज़ी की दरगाह पर लहराए भगवा झंडे, फिर छत पर चढ़कर लगाए जय श्री राम के नारे, आरोपियों पर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई

प्रयागराज . उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के गंगा नगर में बहरिया थाना अंतर्गत सिकंदरा में स्थित एक दरगाह के गेट पर कुछ युवक रविवार को कथित रूप से भगवा झंडे लेकर चढ़ गए और नारे लगाने लगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना प्रयागराज के कई इलाकों में रामनवमी का जुलूस निकाले जाने के बीच हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उन युवकों को गाज़ी मियां की दरगाह से हटाया। पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि इस दरगाह में पांच मजारें हैं

और हिंदू और मुस्लिम श्रद्धालु यहां चादर चढ़ाने आते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को कुछ युवकों ने दरगाह पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी की तथा मौके पर तैनात पुलिस द्वारा इन युवकों को तत्काल रोका गया और वहां से हटाया गया। उनके मुताबिक, इस मामले में जांच कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

गुनावत ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और इस प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था में विघ्न डालने वाले युवकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ससुर के साथ रह रही बहू की लव स्टोरी का खौफनाक अंत! गेंहू के खेत में मिला था विवाहिता शव, पुलिस का चौंकाने वाला खुलासा

प्रतापगढ़. उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक महिला का शव गेहूं के खेत में मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मृतक महिला की पहचान शहनाज बानो के रूप में हुई है, जिसकी शादी मकबूल अहमद से हुई थी। मकबूल सऊदी अरब में नौकरी करता है, और शहनाज अपने ससुर के साथ रहती थी।

विवाहिता का युवक के साथ चल रहा था प्रेम प्रसंग

शहनाज का कई सालों से इरफान नामक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह 2 अप्रैल की रात इरफान के साथ घर से चली गई थी। इसके बाद उसके ससुर ने थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज करवाई थी। कुछ दिनों बाद शहनाज का शव लालगंज थाना क्षेत्र के गौतमपुर वार्ड में एक खेत में मिला। जांच में सामने आया कि शहनाज 4 महीने की गर्भवती थी और इरफान के साथ मिलकर गर्भपात कराने एक निजी अस्पताल संजीवनी नर्सिंग होम गई थी। वहां डॉक्टर नफीस ने बिना

कानूनी अनुमति के गर्भपात किया, जिसके दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग से शहनाज की मौत हो गई।

प्रेमी से 4 माह की गर्भवती थी मृतक महिला

एसपी ने बताया कि मृतक महिला चार माह की गर्भवती थी वह अपने प्रेमी इरफान के साथ गर्भ का गर्भपात करवाने लालगंज के निजी संजीवनी अस्पताल पहुंची, जहां गर्भपात के दौरान महिला शहनाज बानो को अधिक ब्लीडिंग हुई। जिसके चलते उसकी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं प्रेमी इरफान और डॉक्टर नफीस अहमद ने शव को छुपाने के नियत से बाइक से शव ले जाकर रात में गेहूं के खेत में फेंक दिया।

पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है। प्रेमी ने अपनी करतूत छिपाने के लिए लाश को ही छिपाकर सभी को गुमराह करने के फिराक में थी। हालांकि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

शव छिपाने की नीयत से प्रेमी ने शव को खेत में फेंका

शव छिपाने की नीयत से इरफान और डॉक्टर नफीस ने शहनाज के शव को खेत में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में संजीवनी नर्सिंग होम और कल्पना अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने दोनों संस्थानों को सील कर दिया है और डॉक्टर हसनैन के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

युवक पर पांच लोगों ने बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, गवाही वापस लेने से किया था इनकार

मुजफ्फरनगर. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पर छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा गांव में हत्या के मामले में एक मुख्य गवाह पर कथित रूप से पांच लोगों ने गोलियां बरसा दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

हत्या मामले का मुख्य गवाह था मृतक

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सलमान (35) के रूप में हुई है जो अपने भाई जैद की हत्या के मामले में मुख्य गवाह था। चार साल पहले मेरठ में जैद की हत्या कर दी गई थी और यह मामला मेरठ की ही एक अदालत में लंबित है। पुलिस क्षेत्राधिकारी देवव्रत बाजपेयी ने बताया कि इरफान और उसके चार साथी कालिया, मोहम्मद अली, नैमुद्दीन और फाजिल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ये सभी मेरठ जिले के निवासी हैं।

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश की जा रही है।

सलमान के भाई नौशाद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी, सलमान पर गवाह के तौर पर अपना नाम वापस लेने का दबाव बना रहे थे, लेकिन उनके भाई ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को उसे बिजोपुरा गांव के जंगल में ले जाया गया, जहां उस पर गोलियां बरसा दी गईं।

'बहू ध्यान से सुनो मेरी बात...', शादी के दिन दुल्हन को आया ससुर जी का फोन, मांगी ऐसी चीज, मच गया बवाल

उत्तर प्रदेश. घर में शादी का माहौल होता है तो हर कोई उतना ही उत्साहित रहता है, जितना कि दूल्हा और दुल्हन. यूपी के फिरोजाबाद स्थित एक घर में भी इसी तरह सभी खुश थे. बेटी की शादी जो होने वाली थी. घर पर तैयारियां जोरों शोरों से चल रही थीं. इस बीच दूल्हे के पिता ने बहू को फोन मिलाया. कहा- बहू मेरी बात ध्यान से सुनो. अपने पापा से कह दो कि हमें 10 लाख रुपये दहेज में चाहिए. नहीं तो बारात नहीं आएगी.

ससुर के मुंह से ऐसी बात सुनकर होने वाली बहू के पैरों तले जमीन खिसक गई. उसने पापा को फोन पकड़ा दिया. पापा ने होने वाले समधी से बात की. तब दूल्हे के पिता ने कहा- हम तभी बाराता लाएंगे, जब हमें दहेज में 10 लाख रुपये मिलेंगे. दुल्हन के पिता ने समधी को अपनी मजबूरी बताई. कहा- भाई साहब मैं इतना पैसा कहां से लाऊंगा. मेरे पास तो इतना पैसा है भी नहीं. सारा पैसा शादी की तैयारियों में लग गया है. लेकिन दूल्हे के पिता ने उनकी एक न सुनी और फोन काट दिया.

लड़की के पिता फिर लड़के वालों के घर पहुंचे और पैसा न दे पाने की बात कही और काफी मान-मनौव्वल करने की कोशिश की. काफी विनती करने के बाद भी लड़का पक्ष नहीं माना. आरोप है कि इस दौरान लड़के पक्ष ने दुल्हन पक्ष के परिजन को तमाचा भी मारा. जिसके बाद बारात नहीं गई. वहीं, जब मामला पुलिस तक पहुंचा तो दोनों पक्ष को समझाया गया. अब दोनों पक्ष समझौता करने की बात कह रहे हैं.

6 अप्रैल को थी शादी

मामला थाना रसूलपुर का है. जहां एक लड़की की शादी 6 अप्रैल को होनी थी. लेकिन बारात नहीं आई. बारात न आने की वजह कुछ और नहीं दहेज बनी. शादी के दिन दूल्हे के पिता ने फोन करके 10 लाख रुपये की डिमांड रख दी. पैसा नहीं मिला तो वो बारात लेकर ही नहीं आए.

लड़की के पिता ने फिर थाने में जाकर शिकायत दी. फिलहाल दोनों पक्ष समझौते की बात कर रहे हैं. देखना होगा कि ये शादी होती है या नहीं.

दारुल उलूम देवबंद में महिलाओं की एंट्री पर फिर क्यों लगा बैन? जानें वजह

उत्तर प्रदेश. उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में स्थित दारुल उलूम देवबंद में महिलाओं और बच्चों की एंट्री पर एक बार फिर से रोक लगा दी गई है. इस बार ये फैसला दारुल उलूम देवबंद में हो रही प्रवेश परीक्षाओं को लेकर लिया गया है. महिलाओं और बच्चों की एंट्री पर ये पाबंदी परीक्षा देने आने वाले छात्रों को परेशानी न हो इसलिए लगाई गई है. नए सेशन के लिए परीक्षा देने आने वाले लोगों से भी ये अपील की गई है कि अपने साथ बच्चों और महिलाओं को न लेकर आएं.

दारुल उलूम के मोहतमिम (प्रबंधक) मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की ओर से इस पाबंदी का ऐलान जारी किया गया. उन्होंने इस फैसले पर नए सेशन के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम का हवाला दिया है. कहा गया है कि परीक्षा देने आने वाले छात्रों को परेशानी न हो. इसलिए ये फैसला लिया गया है. इसके साथ ही यहां घूमने आने वाली महिलाओं और बच्चों के आने पर भी पाबंदी लगा दी गई है.

पहले भी लगा महिलाओं की एंट्री पर बैन

यह पहली बार नहीं है, जब दारुल उलूम देवबंद में महिलाओं की एंट्री बैन की गई है. इससे पहले पिछले साल भी दारुल उलूम देवबंद में महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी लगी दी गई थी. जहां इस बार परीक्षाओं को लेकर एंट्री बैन करने की बात कही गई है. वहीं पिछली बार कहा गया था कि दारुल उलूम देवबंद में कुछ महिलाएं बेपर्दगी से आती हैं और संस्था के अंदर रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं, जिससे संस्था का नाम खराब होता है. ये कहते हुए महिलाओं के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई थी.

शर्तों के साथ दी गई थी इजाजत

इसके बाद पिछले साल लगाया गया प्रतिबंध 21 अक्टूबर 2024 को कुछ शर्तों के साथ हटाया गया था और महिलाओं को संस्था में आने की इजाजत दे दी गई थी. अब प्रवेश परीक्षाओं का हवाला देकर महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है. साथ ही बच्चों की एंट्री पर भी बैन लगा दिया गया है. अब महिलाएं और बच्चे दारुल उलूम देवबंद में घूमने भी नहीं जा सकते.

एक टुकड़ा नहीं मिला, केवल कर रहे प्रताड़ित... ED रेड पर पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी का बयान

उत्तर प्रदेश. के पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिशंकर तिवारी के बेटे विनय शंकर तिवारी सोमवार तड़के सुबह ईडी ने दबिश दी. टीम ने सुबह 6 बजे गोरखपुर के धर्मशाला स्थित उनके आवास पर छापा मारा, ये कार्रवाई करीब 7 घंटों तक चली. ईडी दोपहर 12.30 बजे टीम कुछ हम दस्तावेज लेकर उनके आवास से रवाना हो गई है. रेड की कार्रवाई पर विनय तिवारी के भाई का बयान भी सामने आया है.

मीडिया से बात करते हुए संत कबीर नगर के पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी ने बताया कि हम लोगों को परेशान करने के लिए ईडी की रेड डाला गया है. कोई भी दस्तावेज ईडी की टीम को नहीं मिला है, राजनीतिक रूप से बदनाम करने की साजिश की जा रही है.कुशल तिवारी ने आगे बताया कि ताला चाबी खोलने वाले को भी बुलाया गया था. अलमारी का लॉक भी खुलवाया गया, लेकिन ईडी को वहां से कागज का एक टुकड़ा भी नहीं मिला है. मेरे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है कि अच्छा नहीं है. उन्होंने यह भी बताया कि मैं 9 दिन व्रत था. सुबह ही ईडी की टीम आ गई मुझे आज पारण करना था मैं अभी तक चाय तक नहीं पी पाया हूं.

किस मामले में हुई ED की छापेमारी?

ED ने गंगोत्री इंटरप्राइजेज के ऑफिस समेत गोरखपुर में भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के घर पर छापेमारी की है.

मुंह में तेल भरकर दिखा रहा था आग वाला करतब, लपटों में खुद झुलसा युवक, दाढ़ी-बाल और चेहरा जला

महाराष्ट्र. रविवार को पूरे देश में रामनवमी का त्योहार मनाया गया. इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई. इसी बीच महाराष्ट्र के पुणे के तलेगांव दाभाड़े में रामनवमी के उत्सव के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया. यहां भी शोभायात्रा निकाली जा रही थी, लेकिन शोभायात्रा में आग का करतब करते समय एक युवक अचानक आग की लपटों की चपेट में आ गया. इससे युवक का चेहरा, दाढ़ी, गर्दन, सीना और बाल जल गए, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया.बताया जा रहा है कि युवक का नाम विनय पाटिल है, जो इलाके में कास्ट वरू से जुड़ा हुआ है. वह अक्सर धार्मिक आयोजनों में प्रदर्शन करता है. इस मामले को लेकर शोभायात्रा के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि शोभायात्रा में भारी भीड़ मौजूद थी और विनय आग से खेलने वाला करतब दिखा रहा था. युवक ने मुंह में तेल डालकर

जैसे ही आग का करतब दिखाया वैसे ही अचानक एक चिंगारी उसकी प्रॉप्स से निकलकर सीधे उसके चेहरे पर आ गिरी, जिससे उसकी दाढ़ी और बालों में आग लग गई. कुछ ही पलों में आग में उसका पूरा चेहरा झुलस गया. स्थानीय लोगों ने बिना देर किए आग बुझाई और विनय को तुरंत तलेगांव जनरल हॉस्पिटल पहुंचाया.

चेहरा, गर्दन और सीना झुलस गया

डॉक्टरों ने बताया कि आग में उसका चेहरा, गर्दन और सीने का हिस्सा झुलस गया है. उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. हालांकि, वह खतरे से बाहर है. उसे बेहतर इलाज के लिए पुणे के बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया है. इस घटना के बाद आयोजन समिति की लापरवाही पर भी सवाल उठ रहे हैं. पूछताछ में पता चला कि आग के करतब के दौरान जरूरी सुरक्षा उपाय मौजूद नहीं थे.

आयोजन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

इसके साथ ही दमकल की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी और न ही प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मी तैनात थे. तलेगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक ने जानकारी दी कि आयोजनकर्ताओं से पूछताछ की जा रही है.

पिता बांट रहे थे बेटी की शादी के कार्ड, पीछे से घर पर हो गया ऐसा हादसा... सदमे में चला गया परिवार

मध्य प्रदेश. बेटी की शादी होने वाली थी. परिवार बहुत खुश था. सारी तैयारियां कर ली गई थीं. दुल्हन के कपड़ों से लेकर राशन आदि, सारा सामान पिता ने खरीद कर घर में रखवा लिया था. लेकिन रविवार का दिन उनके परिवार के लिए काल बनकर आया. पिता शादी के कार्ड बांटने गए थे कि तभी पता चला उनके घर में आग लग गई है. पिता दौड़े-दौड़े घर पहुंचे तो देखा कि घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका है. घटना मध्य प्रदेश के शिवपुरी की है.

बदरवास थाना इलाके के अखाई महादेव गांव में एक घर में रविवार के दिन भीषण आग लग गई. इस घर में कुछ दिन बाद शादी समारोह का आयोजन होना था. आग लगने से शादी के लिए खरीदा गया सामान और अनाज सबकुछ जलकर

खाक हो गया. गनीमत रही की घर में मौजूद लोग वक्त पर बाहर आ गए वरना किसी की जान भी जा सकती थी.

शादी के कार्ड बांट रहा था पिता

जानकारी के मुताबिक, अखाई महादेव गांव में रहने वाले राजेश कुशवाह की बेटी की शादी 20 अप्रैल को होनी है. घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं और बेटी की शादी में जो सामान देना था वो भी पिता ने खरीद कर घर पर रख दिया था. इसके अलावा दुल्हन और परिवार ने कपड़ों की भी खरीददारी कर ली थी. वो सामान भी घर पर ही रखा था. रविवार को राजेश कुशवाह बेटी की शादी का निमंत्रण देने के लिए खजूरी गांव गया हुए थे. तभी उनके पास फोन आया कि घर में आग लग गई है और घर में रखा सारा सामान और अनाज जलकर खाक हो गया है.

शॉर्ट सर्किट से लगी आग

बताया जा रहा है कि गांव के ही रहने वाले ब्रजभान और जगराम यादव ने पानी की मोटर चलाने के लिए अवैध रूप से बिजली के तार डाले थे, जो राजेश के कच्चे घर के ऊपर से गुजरे थे. इन्हीं तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी निकली जिसने कच्चे मकान को जलाकर खाक कर दिया.

उज्जैन से गुजर रही बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

छत्तीसगढ़. बिलासपुर से राजस्थान के बीकानेर जा रही बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार को आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटें आसमान छूने लगी. चलती ट्रेन में आग लगने की खबर से ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया. गनीमत रही कि समय रहते गार्ड की नजर पड़ गई और इस ट्रेन को उज्जैन के तराना में रोक लिया गया. इसके बाद रेलवे के अधिकारियों ने जिस कोच में आग लगी थी, उसे अलग कर ट्रेन के बाकी हिस्से को आगे के लिए रवान कर दिया.

चूंकि आग ट्रेन के जेनरेटर कोच में लगी थी, इसलिए इस घटना में किसी जन या धन हानि की खबर नहीं है. रेलवे ने घटना की जांच के

आदेश दे दिए हैं. घटना के वक्त ट्रेन कालीसिंध ब्रिज पर थी. अधिकारियों के मुताबिक आग ट्रेन के एसएलआर बोगी में लगी थी. इसलिए इस घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है. जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम को उज्जैन से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित काली सिंध ब्रिज से होकर गुजर रही बिलासपुर बीकानेर एक्सप्रेस के एसएलआर डिब्बे में अचानक लग गई.

आग वाले कोच को अलग कर रवाना हुई ट्रेन

गार्ड की नजर पड़ी तो उसने तत्काल ट्रेन के पायलट से बात कर गाड़ी रोक दिया. इसके बाद रेलवे कर्मियों के साथ आम लोगों ने भी मदद की और आग को बुझाया गया. इसके बाद तराना स्टेशन पर ट्रेन से आग लगने वाले एसएलआर कोच को निकाल कर बाकी ट्रेन को आगे रवाना किया गया. घटना के बाद रेलवे ने पूरा घटनाक्रम बताया है. रेलवे पीआरओ खेमराज मीणा के मुताबिक आग पर काबू पा लिया गया है. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है.

घटना का वायरल हो रहा वीडियो

ट्रेन को तराना में रोककर जिस डब्बे में आग लगी थी उसे अलग किया गया और ट्रेन को यहां से आगे के लिए रवाना कर दिया गया.

साली ने जीजा को मारा ऐसा कमेंट, मच गया बवाल; दूल्हे राजा ने रोते-रोते पुलिस को लगाया फोन, फिर...

उत्तर प्रदेश. उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक घर पर शादी का फंक्शन था. दुल्हनिया सज धजकर दूल्हे का इंतजार कर रही थी. तभी दूल्हे राजा बारात लेकर पहुंचे. बारातियों का धूमधाम से स्वागत किया गया. फिर बारी आई अन्य रस्मों की. निकाह पढ़ाने के बाद मेहर की रस्म भी हो गई. उसके बाद बारी आई जूता चुराई की. सालियों ने होने वाले जीजा जी के जूते चुरा लिए. जूता वापस करने की एवज में वो दूल्हे राजा से 50 हजार रुपये मांगने लगीं. दूल्हे ने कहा- हम तो पांच हजार रुपये देंगे.

बस इतनी सी बात पर अचानक से बखेड़ा खड़ा हो गया. दुल्हन की बहनें भी जिद पर अड़ी रहीं तो वहीं दूल्हे राजा भी पांच हजार से एक रुपया भी ज्यादा देने को तैयार न हुए. तब मजाक-मजाक में दुल्हन की एक बहन ने दूल्हे को ऐसा कमेंट मार दिया, जिससे बाराती नाराज हो गए. दरअसल, उसने दूल्हे को भिखारी कह दिया था. बस यही बात दूल्हे और अन्य बारातियों को नागवार गुजरी. दूल्हा पक्ष ने भी कहा- तुम लोगों ने भी तो अपनी बेटी को हल्के फुल्के गहने दिए हैं.

दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया

बस फिर क्या था, इसी बात पर दोनों पक्षों में जमकर बहसबाजी शुरू हो गई. दुल्हन पक्ष ने दूल्हा समेत बारातियों को बंधक बना लिया. फिर उनकी पिटाई भी कर डाली. घायल दूल्हे ने तब पुलिस को फोन लगाया और पूरी बात बताई. पुलिस ने तब दोनों पक्षों को नजीराबाद थाने में बुलाया.

देवर-भाभी में पक रही थी इश्क की खिचड़ी... फिर आई देवरानी की मौत की खबर, एक फोन कॉल से खुला ये राज

राजस्थान. राजस्थान के बांसवाड़ा में एक विवाहिता की मौत से सनसनी फैल गई. मामला खमेरा थानाक्षेत्र के कानेला इलाके का है. यहां एक विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी. उसके भाई ने फिर जो खुलासा किया, उससे पुलिस के भी होश उड़ गए. भाई ने कहा- मेरे जीजा का अफेयर उनकी विधवा भाभी से है. इसी बात को लेकर मेरी बहन परेशान थी. जीजा ने उसके पैर काट डालने की धमकी दी थी.मृतका का नाम संगीता था. संगीता के भाई सूरजमल की मानें तो- मेरी बहन की शादी कल्पेश से हुई थी. कल्पेश का चक्कर उनकी ही विधवा भाभी इंदिरा से चल रहा है. इसका विरोध मेरी बहन करती थी. रविवार को

प्रतापगढ़ में शादी समारोह था. संगीता उसमें आने वाली थी. लेकिन जब वो आई नहीं तो मेरे बेटे ने उसे फोन दिया. तब बेटे ने सुना कि कल्पेश गुस्से में संगीता से कह रहा था कि अगर तू मायके गई तो तेरे पैर काट डालूंगा. फिर फोन बंद हो गया.सूरजमल के मुताबिक- फिर शाम को हमें पता चला कि संगीता ने जहर खा लिया है. हमें यकीन है कि संगीता की हत्या हुई है. हम बहन के लिए इंसाफ चाहते हैं. फिलहाल, इस केस में पुलिस जांच कर रही है.

चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस के मुताबिक- एक विवाहिता की रविवार सुबह खमेरा इलाके के कानेला स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशी पीने के बाद मौत हो गई. मामले की इत्तला पर दोपहर में एमजी अस्पताल में मृतका के पीहर पीपलखूंट क्षेत्र के डूंगरीपाड़ा से परिजन पहुंचे तो विवाद उपजा.

शाम को मृतका संगीता के भाई सूरजमल पुत्र गौतम ने कानेड़ा निवासी अपने बहनोई कल्पेश पुत्र भीमराज वडेरी, उसकी विधवा भाभी इंदिरा पत्नी दिनेश, जेठ भीमराज पुत्र हीरालाल और जेठानी मीरा के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी.

भतीजे ने किया संगीता को फोन

सूरजमल ने कहा- रविवार को डूंगरीपाड़ा से एक बारात जानी थी, इसमें आमंत्रित संगीता नहीं पहुंचने पर सुबह करीब सवा सात बजे उसके भतीजे ने फोन किया. तब वह तैयार भी थी, लेकिन ससुराल से झगड़ा सुनाई दिया. मृतका के भाई सूरजमल ने दावा किया कि बेटे ने फोन पर कल्पेश को पीहर जाने पर पैर काटने की धमकी देते सुना, फिर फोन बंद हो गया.

धर्म

आदिशक्ति बिना कुछ भी पूर्ण नहीं

आदिशक्ति, माँ जगदम्बे, जगतजननी शक्तिस्वरूपा माँ दुर्गा की महिला का उल्लेख वेदों और पुराणों में है। आदिशक्ति के बिना कुछ भी पूर्ण नहीं है। भगवान शिव के साथ वह गौरी अथवा शक्ति के रूप में हैं तो, भगवान विष्णु के साथ महालक्ष्मी के रूप में हैं तो श्री राम के साथ माता सीता के रूप में। कहा जाता है कि शक्ति के बिना शिव शववत है। सीताराम, राधाकृष्ण का संबोधन भी आदिशक्ति के साथ किया जाता है। वेद, पुराणों, उपनिषदों में भी आसुरी शक्ति के नाश के लिए देवताओं का दैवीय शक्ति माता की शरण में पहुंचने का उल्लेख है। साल में दो नवरात्र पड़ती हैं, एक चैत्र में और दूसरी आश्विन कार्तिक में। ऋग्वेद में देवी की महिमा का अनूठा वर्णन मिलता है। देवी ने कहा है, संपूर्ण जगत की अधीश्वरी अपने उपासकों को धन की प्राप्ति कराने वाली, साक्षात्कार करने योग्य परब्रह्म को अपने से अभिन्न रूप में जानने वाली तथा देवताओं में प्रधान हूं। प्रपंच रूप से अनेक भावों में स्थित हूं, अनेक स्थानों पर रहने वाले देवता जहां कहीं जो कुछ भी करते हैं, वह सब मेरे लिए करते हैं। मैं ही भोक्ता शक्ति हूं। जो अन्न खाता है, वह मेरी शक्ति से ही खाता है। कार्य करने में सामर्थ्य मेरी शक्ति का फल है। जो यह नहीं जान पाते, वे विपन्नता भुगतते हैं। मैं जिसकी रक्षा करना चाहती हूं, उसे सशक्त बना देती हूं। उसे क्षमा मेघा शक्ति प्रदान करती हूं। ब्रह्म देवी असुरों का वध करने के लिए रुद्र के धनुष को चढ़ाती हूं। शरणागत की रक्षा के लिए मैं युक्ति करती हूं। आकाश, पृथ्वी, जल में व्याप्त हूं, समस्त भुवन में व्याप्त हूं।

